■ बोकारो, औरंगाबाद एवं पटना से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार – झारखंड का अपना अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

वर्ष : 10 अंक : 90
पृष्ठ : 12
बोकारो, शनिवार
15 अगस्त 2026
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : JHAHIN2017/72655

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देश के नाम संदेश : 2047 के विकसित भारत का सपना, विभाजन से ऑपरेशन सिंदूर तक का किया जिक्र

## देश की तरक्की में हर भारतीय दे अपना योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि कुछ ही घंटों बाद भारत की आजादी के 80वें साल की शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने हर नागरिक से देश के लिए जागरूक रहने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले भारतीय स्वतंत्रता दिवस का त्योहार खुशी के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना ही आजादी की असली कीमत है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों, मजदूरों और किसानों की मेहनत की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने काम से देश को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। राष्ट्रपति ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की भी बात की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत की



विदेश नीति देश के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। आर्थिक सहयोग बढ़ाने और दूसरे देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने के लिए भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों में भारत आगे बढ़कर काम कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रपति ने पर्यावरण को बचाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्राकृतिक संसाधनों की कमी का सामना करना पड़े। पर्यावरण की रक्षा करना हमारी परंपरा का हिस्सा है। राष्ट्रपति ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद किया। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, तब 550 से ज्यादा रियासतों को भारत से जोड़ना बड़ी चुनौती थी। सरदार पटेल ने इन रियासतों को भारत में मिलाया। राष्ट्रपति ने लौहपुरुष सरदार पटेल को नमन करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि न्याय व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि पैसे या संसाधनों की कमी के कारण किसी को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में है। खासकर किसानों के लिए यह एक बड़ा और निर्णायक कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता मिली है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत करीब 59 करोड़ लोग बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ चुके हैं। इनमें 32 करोड़ से ज्यादा महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की गई है। इससे उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह भी कहा कि पिछले साल मराठा सैन्य परंपरा से जुड़े 12 किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था। इस साल भगवान बुद्ध के पहले उपदेश स्थल सारनाथ को भी यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में जगह मिली है।

## झामुमो ने 20 अगस्त को बुलायी केंद्रीय समिति की बैठक, सीएम रहेंगे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा से पारित खान-खनिज विधेयक के खिलाफ झामुमो ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने 20 अगस्त को राजधानी में केंद्रीय कार्यसमिति की अहम बैठक बुलायी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में पार्टी इस विधेयक के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। पार्टी आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा भी कर सकती है। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, महानगर अध्यक्ष और महानगर सचिव शामिल होंगे। पार्टी के सांसद और विधायक भी बैठक में मौजूद रहेंगे। राजधानी के हरमू स्थित सोहराय भवन में होने वाली बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पारित झारखंड विरोधी विधेयक से उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा होगी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार एवं झारखंड के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं



रवीन्द्र कुमार पांडेय
पूर्व सांसद
गिरिडीह (झारखंड)

**शुभकामनाएं**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज विशाल — स्थानीय संपादक
कमल किशोर — संपादक

**सूचना**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

संपादक

## चमोली हादसे में झारखंड के एक मजदूर की मौत, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** उत्तराखंड के चमोली जिले के मायापुर, पीपलकोटी स्थित विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में गुरुवार की शाम लगभग अचानक पानी और मलबा भर जाने और टनल के धंसने से हादसा हुआ। दुर्घटना के समय सुरंग में कुल 29 श्रमिक कार्य में लगे हुए थे, जिनमें से सात श्रमिकों की मौत हो गई है। 19 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है और तीन श्रमिक अभी भी लापता एवं सुरंग में फंसे हुए हैं, जिनका रेस्क्यू कार्य निरंतर जारी है। बताया यह भी जा रहा है कि झारखंड के एक श्रमिक की भी मौत हो चुकी है। इसकी सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रम आयुक्त कार्यालय की ओर से संचालित राज्य प्रवासी कंट्रोल रूम को फास्ट कार्रवाई एवं अंतर-राज्यीय समन्वय के लिए निर्देश दिया गया। इसके उपरांत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक रूप से जारी किया। सीएम ने स्वयं उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से बात भी की थी। बताया गया कि घटना में झारखंड के कुल सात श्रमिक प्रभावित हुए हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम जिले के डूगरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पलसबनी निवासी विश्वजय हांसदा की इस हादसे में मौत हो गयी है। मृतक के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके पैतृक गांव पहुंचाने हेतु कंपनी प्रशासन तथा परिजनों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करा लिया गया है। एंबुलेंस के माध्यम से पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव के लिए रवाना किया जा रहा है। दुर्घटना में झारखंड के कुल पांच श्रमिक घायल हुए हैं जिनका इलाज निकटवर्ती अस्पतालों में चल रहा है। घायलों में खूंटी जिले के तपकरा निवासी हाबिल गुड़िया, तोरपा निवासी निथिर भिंगरा तथा सुरुने निवासी दीना बेगरा शामिल हैं, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। इसके अतिरिक्त गुमला जिले के कटकाही निवासी विनोद रावना का दाहिना पैर टूट गया है तथा पूर्वी सिंहभूम जिले के डूगरिया निवासी खेला राम बिसरा गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को त्वरित व समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

## एम्स में अत्याधुनिक न्यूनेटल वेंटिलेटर की सुविधा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर एम्स के पीडियाट्रिक्स विभाग में जन्मजात और गंभीर स्थिति वाले बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। न्यूनेटल वेंटिलेटर की शुरुआत के साथ गंभीर नवजातों के उपचार और मॉनिटरिंग की व्यवस्था और मजबूत हुई है। अब जन्म के समय सांस लेने में परेशानी या अन्य गंभीर जटिलताओं से जूझ रहे बच्चों को एम्स में ही बेहतर उपचार और लगातार निगरानी की सुविधा मिल सकेगी। न्यूनेटल वेंटिलेटर खास तौर पर नवजात और बेहद छोटे बच्चों के लिए तैयार किया गया है। इसमें नवजात के छोटे और संवेदनशील फ़ेफड़ों की जरूरत के अनुसार सांस की मात्रा, दबाव और ऑक्सीजन नियंत्रित की जा सकती है। समय से पहले जन्मे बच्चों, सांस लेने में गंभीर परेशानी और फ़ेफड़ों की गंभीर समस्या वाले नवजातों को इससे उपचार में मदद मिलेगी। विभाग में सीपीएपी मशीन और मल्टी पैरामीटर मॉनिटर की सुविधा भी है। इससे हार्ट रेट, ऑक्सीजन स्तर, ब्लड प्रेशर और सांस लेने की दर की लगातार निगरानी की जा सकती है। एम्स निदेशक डॉ नितिन गंगने ने बताया कि जन्म के समय हार्ट डिजीज, सांस की परेशानी, कम वजन, संक्रमण और अन्य जटिलताओं वाले बच्चों को विशेषज्ञ निगरानी व कई मामलों में क्रिटिकल केयर की जरूरत होती है। न्यूनेटल वेंटिलेटर समेत आधुनिक उपकरण उपलब्ध होने से ऐसे गंभीर मामलों में उपचार क्षमता बढ़ेगी। पीडियाट्रिक्स विभाग में सुविधाओं के विस्तार का लाभ संताल परगना सहित आसपास के जिलों के बच्चों को मिलेगा। विभाग में लाइफ सपोर्ट और मॉनिटरिंग सुविधा होने से नवजात एवं गंभीर बच्चों की देखभाल की व्यवस्था पहले की तुलना में और मजबूत हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### काफी दिनों से फरार चल रहा एक अभियुक्त गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने काफी लम्बे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त को सुलतानपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र के सभी थाना अन्तर्गत कांड में लम्बे से फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष सप्तकालिन अभियान चलाया जा रहा है। इसी मामले में काफी लम्बे समय से फरार चल रहे अभियुक्त अभिनाश कुमार उर्फ भंटा गोप को उसके घर सुलतानपुर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### पुनपुन नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरपुरा थाना क्षेत्र के दहिया गांव के पास शुक्रवार को पुनपुन नदी से एक अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ। शव काफी सड़ा-गला और क्षत-विक्षत अवस्था में था, जिसके कारण उसकी पहचान करने में पुलिस को परेशानी हो रही है। शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार दहिया गांव के पूर्वी छोर पर पुनपुन नदी में ग्रामीणों की नजर महिला के शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिपरपुरा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पूजा राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को नदी से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुनपुन नदी से एक महिला का शव बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टया महिला वृद्ध प्रतीत हो रही है। शव काफी सड़ा-गला और क्षत-विक्षत होने के कारण पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। पुलिस महिला की पहचान कराने के साथ ही घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

### सुनील यादव बने लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर पार्टी के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रकाश चन्द ने सुनील यादव को बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। पार्टी की ओर से जारी मनोनयन पत्र में डॉ. प्रकाश चन्द ने सुनील यादव के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और अधिक सुदृढ़ होगी तथा पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। सुनील यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के बीच पार्टी को और मजबूती मिलेगी।



### मोकामा में गंगा किनारे खेत से क्षत-विक्षत शव बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के धौरानी टोला वार्ड संख्या 20 में शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गंगा किनारे से करीब 50 मीटर की दूरी पर एक खेत में पड़ा मिला है।ग्रामीणों की सूचना पर मोकामा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।पुलिस के अनुसार शव की हालत बेहद खराब है। कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह गायब है और सिर का कंकाल बाहर निकल आया है। पूरी बॉडी काली पड़ चुकी है और बुरी तरह सड़ चुकी है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव लगभग 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और पूरी तरह सड़ गया है। देखने से लग रहा है कि शव को जानवरों ने नोचा है।पुलिस ने शव के पास से एक लाल पैंट, एक काला चश्मा और खैनी की पुड़िया बरामद की है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल मोकामा भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पहचान के लिए आसपास के थानों में सूचना भेज दी गई है।



### नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाबलीपुर ओपी क्षेत्र के उदयपुर के पास बड़ी नहर से शुक्रवार को करीब 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। शव अर्धजला प्रतीत हो रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार अंकुरी के पास बड़ी नहर में ग्रामीणों ने पानी के साथ बहकर आ रहे शव को देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना महाबलीपुर ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर ओपी प्रभारी दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। ओपी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि नहर से करीब 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। पुलिस महिला की पहचान और घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

### मोकामा हर घर तिरंगा अभियान के तहत नाजरथ स्कूल में गूंजा 'वंदे मातरम'

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या और देशव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, मोकामाघाट द्वारा शुक्रवार को एक देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र मोकामाघाट के अनुसार नाजरत उच्च विद्यालय, मोकामाघाट में राष्ट्गीत 'वंदे मातरम' के पूर्ण संस्करण का बैंड प्रदर्शन के साथ भव्य सामूहिक गान का आयोजन किया गया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना था।इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र के कमांडेंट श्री राम बिलास गुप्ता ने बच्चों को राष्ट्रगीत के 'वंदे मातरम्' की मुख्य विशेषताओं और उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में ग्रुप केन्द्र के सभी अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं नाजरत विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक तथा स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। देशभक्ति के रंग में रंगा यह कार्यक्रम काफी प्रेरणादायक रहा।



### मोकामा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मोकामा प्रखंड कार्यालय से शिवनार तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में जीविका दीदियों, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और सैकड़ों समाज सेवियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ भाग लिया।यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वन्दे मातरम' के गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। प्रखंड कार्यालय से शुरू होकर शिवनार तक निकली इस यात्रा में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा तिरंगे के मान-सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने के उद्देश्य से निकाली गई है। हर घर तिरंगा अभियान लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को और मजबूत करेगा।इस तिरंगा यात्रा में डीसीएलआर, अंचलाधिकारी लवली कुमारी, बीपीआरओ अंजनी कुमार, प्रखंड प्रमुख भवेंद्र कुमार सहित प्रखंड के सभी कर्मी और सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।





# नदवां खेल मैदान में आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का ध्वजारोहण कार्यक्रम

## 85 वर्षीय युगेश्वर मांझी फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज • पटना डीएम और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया फाइनल निरीक्षण





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज धनरूआ प्रखंड के नदवां पंचायत स्थित नदवां हाई स्कूल खेल मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष महादलित ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस बार मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र के नदवां मुशहरी के 85 वर्षीय बुजुर्ग योयुगेश्वर मांझी मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री महादलित ध्वजारोहण का यह कार्यक्रम हर वर्ष किसी न किसी महादलित टोले में मनाया जाता है। इस बार यह आयोजन मसौढ़ी विधानसभा के धनरूआ प्रखंड अंतर्गत नदवां पंचायत में हो रहा है। युगेश्वर मांझी, पिता स्वर्गीय बृहस्पति मांझी, मुख्यमंत्री के समक्ष ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में कई मंत्री, एमएलसी, विधायक और गणमान्य लोग शामिल होंगे। भारी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री इस मौके पर कई सौगातें भी देंगे। जीविका समूहों, आवास लाभुकों और वृद्धजनों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ वितरित किया जाएगा।शुक्रवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार और एसएसपी कार्तिकेय कुमार शर्मा समेत सभी बड़े अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का अंतिम निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर न केवल नदवां बल्कि पूरे धनरूआ प्रखंड में उत्साह का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# भूमिहीनों को पक्का मकान देकर बसाने समेत 10 सूत्री मांगों को चल रहा दो दिवसीय अनशन हुआ संपन्न





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भूमिहीनों को पक्का मकान देकर बसाने समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर चल रहा दो दिवसीय अनशन शुक्रवार को संपन्न हो गया है। पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त की है। दरअसल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के आह्वान पर 13-14 अगस्त को मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन प्रखंडों व अंचलों में सामूहिक अनशन सत्याग्रह किया गया। शुक्रवार को अनशनकारियों को जूस पिलाकर भाकपा माले नेताओं ने अनशन तुड़वाया और संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।मसौढ़ी में जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान, धर्मशिला देवी, अनिल पासवान सहित कई लोग, धनरूआ में जितेंद्र राम, वीरेंद्र प्रसाद, उपेंद्र मांझी और पुनपुन में विद्या पासवान, मुन्नी देवी, मुखिया मदन पासवान अनशन पर बैठे। इनके समर्थन में सैकड़ों खेत मजदूर शामिल हुए।आंदोलनकारियों ने बुलडोजर राज के खिलाफ, भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन, पीपीएच एक्ट 1947 के तहत बासगीत पर्चा, मनरेगा में 125 दिन काम, न्यूनतम मजदूरी 700 रुपये, काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ता, प्रधानमंत्री आवास की राशि 7 लाख, सभी वृद्धों को 3000 रुपये पेंशन और गरीब बच्चों को मुफ्त उच्च शिक्षा सहित 10 सूत्री मांगें रखीं।

### राष्ट्रपति को भेजा गया मांग पत्र

भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि आजादी के 80 साल बाद भी गरीबों की समस्याएं जस की तस हैं। मांगों से संबंधित मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा।

# जमीन कब्जा को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पत्थरबाजी व हवाई फायरिंग

## दो लोग जख्मी, दो खोखा बरामद, पांच गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के कुसुमपुरा इलाके में जमीन पर कब्जे और वर्चस्व को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस दौरान जमकर रोड़ेबाजी और कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुसुमपुरा इलाके में 33 कट्ठा जमीन को लेकर दो पक्षों में कई दिनों से विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष जमीन पर अपनी अपनी दावेदारी जताते आ रहे थे। गुरुवार की दोपहर जमीन को अपने कब्जे में लेने के लिए आपस भीड़ गए। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जमकर मारपीट व रोड़ेबाजी हुई। वहीं एक पक्ष के तरफ से दहसत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करने लगे। इस मारपीट व पत्थरबाजी में एक पक्ष से कमलेश व राजेश कुमार नामक व्यक्ति गंभीर रुप से जख्मी हो गए। दोनों जख्मी को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सिटी एसपी पश्चिमी संकेत कुमार ने बताया कि घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि फायरिंग और मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा सके। फिलहाल पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना में जो भी लोग संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मोकामाः 48 घंटे से लापता 11 वर्षीय किशोर, परिजनों ने घोसवरी थाना का घेराव कर दिया धरना





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के गोसाईगांव से 48 घंटे से लापता किशोर के परिजनों ने शुक्रवार को घोसवरी थाने का घेराव कर दिया और थाने में ही अनशन पर बैठ गए।मिली जानकारी के अनुसार गोसाईगांव निवासी ललन कुमार के 11 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार 12 अगस्त को दोपहर 2 बजे से लापता है।

परिजनों के अनुसार किशोर दालान से घर के लिए निकला था, उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है।किशोर का दो दिनों तक पता नहीं चलने पर आक्रोशित परिजन शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ घोसवरी थाना पहुंचे और हंगामा करने लगे। काफी देर तक थाने में हंगामा होता रहा। घोसवरी थानाध्यक्ष के काफी समझाने के बाद परिजन शांत हुए।खबर लिखे जाने तक करीब 25 की संख्या में महिलाएं थाने में ही बैठी हुई हैं और किशोर की जल्द तलाश करने की मांग कर रही हैं।इस संबंध में घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। किशोर की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद से खोजबीन जारी है।

# पालीगंज में खेग्रामस का सामूहिक अनशन संपन्न

## राष्ट्रपति को भेजा 10 सूत्री मांग पत्र, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) की ओर से 13-14 अगस्त को पालीगंज प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक अनशन एवं सत्याग्रह शुक्रवार को संपन्न हुआ। भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य व पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। सत्याग्रह में खेग्रामस के प्रखंड सचिव कृष्ण नंदन दास, अध्यक्ष उमेश मांझी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन, बसे गरीबों को बासगीत पर्चा, झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाना बंद करने, मनरेगा में 125 दिनों के काम की गारंटी, न्यूनतम मजदूरी 700 रुपये, गरीबों को आवास और वृद्धों को तीन हजार रुपये मासिक पेंशन देने समेत 10 सूत्री मांगें उठाई गईं। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार को गरीब-मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि मांगों का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड-अंचलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाकपा माले पटना ग्रामीण जिला कमेटी सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि सत्याग्रह के दौरान खेग्रामस के प्रखंड सचिव कृष्ण नंदन दास, अध्यक्ष उमेश मांझी, भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य राजेश कुमार, विनेश चौधरी, अविनाश कुमार, नागो देवी, सीता देवी, सुरेश पासवान, मुमताज अंसारी एवं सरस्वती देवी सहित कई कार्यकर्ता सामूहिक अनशन पर बैठे। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में खेत मजदूरों ने भी सत्याग्रह में भाग लिया।

# मोकामा में सेना के कंटेनर लदे ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, बड़ा हादसा टला



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा के औंटा गोलंबर पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पटना की ओर से आ रही सेना की एक कंटेनर लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे क्रैश बैरियर से टकराकर पलट गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक पर बंद कंटेनर लदा हुआ था, जिसमें हुए नुकसान के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण और किसान मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। सेना के जवानों ने खुद मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और यातायात को सुचारू बनाए रखने में मदद की।हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दी गई।सूचना मिलते ही एनएचएआई के कर्मचारी एम्बुलेंस और हाइड्रा मशीन के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। करीब 30 मिनट के भीतर हाइड्रा की मदद से कंटेनर को उतारकर पलटी ट्रक को सीधा कर दिया गया। इस दौरान कुछ मिनटों के लिए एन एच पर यातायात बाधित रहा, लेकिन कोई बड़ा जाम नहीं लगा।मौके पर हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार के साथ गश्ती गाड़ी भी मौजूद रही। एम्बुलेंस पहुंचने के बावजूद राहत की बात यह रही कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।इस संबंध में सेना के अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# मेकरा हॉल्ट पर हमसफर से उड़ी गिट्टी से चार घायल

## हॉल्ट पर भगदड़, एक की हालत गंभीर, पीएमसीएच रेफर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर रेल मंडल के मेकरा-ममरखाबाद हॉल्ट पर गुरुवार की शाम करीब 4:30 बजे बड़ा हादसा हो गया। हाई स्पीड 13423 अप भागलपुर-अजमेर साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने के दौरान छिटकी कंक्रीट गिट्टी की चपेट में आने से 4 यात्री जख्मी हो गए। हादसे के बाद प्लेटफॉर्म पर भगदड़ मच गई।घायलों में मेकरा बुजुर्ग निवासी धर्मवीर शर्मा (40) की हालत गंभीर बताई जा रही है। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। इलाज के लिए पंडारक पीएचसी ले जाया गया, लेकिन स्थिति काफी नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों में एक पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं। इन्हें मामूली चोटें आई हैं।मेकरा हॉल्ट पर प्लेटफॉर्म निर्माण और रेल पटरी बदलने का काम चल रहा है। बताया जाता है कि ठेकेदार ने लापरवाही बरतते हुए रेल पटरी के बिल्कुल पास काफी मात्रा में गिट्टी और पत्थर छोड़ दिया था। जानकारी के अनुसार घायल धर्मवीर शर्मा देवघर से लौटकर अपने ससुराल फतुहा प्रसाद पहुंचाने जा रहा था। घटना के बाद यात्रियों ने ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।



# 101 साल के मसौढ़ी के स्वतंत्रता सेनानी रामचंद्र सिंह की जुबानी आजादी की कहनी

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस पर पूरा देश हर्षोल्लास के साथ जश्न मना रहा है। इस मौके पर उन गुमनाम नायकों को याद करना जरूरी है जिन्होंने अपने खून से आजादी की इबारत लिखी। ऐसे ही एक जीवित योद्धा हैं मसौढ़ी प्रखंड के घोरहुआं गांव निवासी 101 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी रामचंद्र सिंह। आज भी रामचंद्र सिंह के चेहरे पर देशभक्ति का वही जुनून दिखाई देता है। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' में कूदकर अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा था। वे 10 युवाओं की टोली के साथ गुप्त रूप से काम करते थे। बातचीत में रामचंद्र सिंह ने बताया, 'हम लोग



रेलवे की पटरियां उखाड़ते थे, अंग्रेज अधिकारियों को घेरकर पीटते थे। रात के अंधेरे में गांव-गांव जाकर दीवारों पर नारे लिखते और अंग्रेजों के खिलाफ पर्चे चिपकाते थे। मेरा काम क्रांतिकारी संदेश और पर्चे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना था।आजादी की लड़ाई के दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। अंग्रेजों ने यातनाएं भी दीं, लेकिन हिम्मत नहीं टूटी।

# वन्यजीव पर्यटन में रोजगार की व्यापक संभावनाएं : प्रो. शांडिल्य

## टी.पी.एस. कॉलेज में 'वन्यजीव पर्यटन एवं व्यापार' प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का समापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित 40 घंटे के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम 'वन्यजीव पर्यटन एवं व्यापार' का समापन समारोह कौटिल्य सभागार में आयोजित किया । महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना महाविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव पर्यटन एवं संरक्षण के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएँ हैं तथा विद्यार्थियों को जैव-विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. अजित कुमार सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग एवम विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष (जी.ओ.डी.) ने कहा कि भारत की समृद्ध जैव-विविधता वन्यजीव पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार एवं विकास की व्यापक संभावनाएँ प्रस्तुत करती है। विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं।आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. (डॉ.) रूपम ने कहा कि ऐसे कौशल-आधारित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता एवं समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने प्रतिक्रिया एवं अनुभव साझा किए तथा पाठ्यक्रम को उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं व्यावहारिक बताया। विद्यार्थियों ने भविष्य में ऐसे और अधिक कौशल-आधारित एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रम आयोजित किए जाने के सुझाव भी दिए। इस अवसर पर सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## तीन लोगों ने दी स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी कुर्बानी

**पेटरवार (बोकारो)।** स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाले एक ही परिवार के तीन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज आज सरकारी उदासीनता के कारण गुमनामी के अंधेरे में जीने को विवश हैं पेटरवार प्रखंड के एक ही परिवार के जिन तीन स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की जंग में अपनी भूमिका निभाई थी।

### पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीटीआर–एएसटीई–आरपीएच–26–27, दिनांक: 13.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीटीआर–एएसटीई–आरपीएच–26–27** के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** सिग्नलिंग कार्य–हावड़ा मंडल–टीटीआर (एफएस+ टीडब्ल्यूएस+ डब्ल्यूसीएमएससी) 60 केजी 1 इन 12–74 सेट। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 07.09.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,01,84,069/–, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 6,03,700/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 24.08.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:**13.08.2026, 14.22 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। HWH-275/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

### आद्रा मंडल के तहत विविध कैटेगरी, विज्ञापन, कैटरिंग और पार्किंग अनुबंध के लिए ई–नीलामी

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर प्रकाशित किया जा चुका है। **लॉट सं./कैटेगरी, नीलामी शुरू (सभी लॉट) और नीलामी समाप्ति की तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: ● **कैटेगरी: एमएसएस, ऑक्शन कैटलॉग सं.: जीएसकैंटीन5,** एमएसएस–आद्रा–बीकेएससी–एसटीजीईएन–26–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), 01.09.2026 को 12.00 बजे और 01.09.2026 को 12.30 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: जीएसट्रकरिपेयर4,** (i) एमएसएस–आद्रा–बीकेएससी–एसटीजीईएन–24–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), (ii) एमएसएस–आद्रा–बीकेएससी–एसटीजीईएन–25–26–1 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), 31.08.2026 को 12.00 बजे और 31.08.2026 को 12.40 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: आईसीक्रीमपीएआरएल5,** एमएसएस–आद्रा–पीआरआर–एसटीजीईएन–28–26–2 (एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस–स्टैटिक जनरल), 28.08.2026 को 12.00 बजे और 28.08.2026 को 12.30 बजे। ● **कैटेगरी: एडीवीटी, ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी86,** (i) एडीवीटी–आद्रा–बीकेएससी–ओएच–132–26–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), (ii) एडीवीटी–आद्रा–सीजेएन–ओएसएन–131–25–2 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), (iii) एडीवीटी–आद्रा–जेपीएच–ओएसएन–130–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), (iv) एडीवीटी–आद्रा–केएसएक्स–ओएसएन–128–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), (v) एडीवीटी–आद्रा–बीकेएससी–ओएसएन–105–23–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), 28.08.2026 को 12.00 बजे और 28.08.2026 को 13.10 बजे। ● **कैटेगरी: कैटरिंग, ऑक्शन कैटलॉग सं.: सीएटीजी56,** (i) सीएटीजी–आद्रा–जीबीए–जीएमयू–19–22–1 (कैटरिंग–जनरल–माइनर–यूनिट–(जीएमयू)), (ii) सीएटीजी–आद्रा–बीक्यूए–एसएमयू–93–26–1 (कैटरिंग–स्पेशल–माइनर–यूनिट–(एसएमयू)), (iii) सीएटीजी–आद्रा–पीआरआर–एसएमयू–82–26–1 (कैटरिंग–स्पेशल–माइनर–यूनिट–(एसएमयू)), (iv) सीएटीजी–आद्रा–बीयूआरएन–एसएमयू–86–26–2 (कैटरिंग–स्पेशल–माइनर–यूनिट–(एसएमयू)), 28.08.2026 को 12.00 बजे और 28.08.2026 को 13.00 बजे। ● **कैटेगरी: पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग सं.: पार्क123,** (i) पार्किंग–आद्रा–केएसएक्स–टीडब्ल्यू–20–22–1 (पार्किंग–टू व्हीलर), (ii) पार्किंग–आद्रा–बीबीएम–एमएक्स–64–25–1 (पार्किंग–मिक्स्ड), (iii) पार्किंग–आद्रा–केजेआरजी–एमएक्स–86–26–1 (पार्किंग–मिक्स्ड), 27.08.2026 को 12.00 बजे और 27.08.2026 को 12.50 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पार्क124,** पार्किंग–आद्रा–बीकेएससी–एमएक्स–82–26–1 (पार्किंग–मिक्स्ड), 28.08.2026 को 12.00 बजे और 28.08.2026 को 12.30 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई–ऑक्शन मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-615)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया
**बोकारो इस्पात संयंत्र**
**बोकारो स्टील सिटी –827001, झारखण्ड, भारत**

### सार्वजनिक सूचना

लीज सर्कुलर संख्या 03/2026 दिनांक 14.08.2026 के माध्यम से सूचित किया जाता है कि क्षतिग्रस्त लीज्ड 'E' टाइप (ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर) क्वार्टरों के पात्र निवासियों के स्थानांतरण और पुनः आवंटन (Relocation/Re-allotment) की योजना जारी कर दी गई है।
सभी पात्र आवेदक नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार आवेदन कर सकते हैं:

**महत्वपूर्ण तिथियां और समय-सारणी**
- आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि: 18.08.2026
- TAMS ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन प्रारूप की उपलब्धता: 18.08.2026 से 21.08.2026 तक
- ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 21.08.2026
- हस्ताक्षरित प्रिंटेड आवेदन रसीद जमा करने की अंतिम तिथि: 24.08.2026 या उससे पहले


**विशेष निर्देश:**
यह प्रक्रिया पूरी तरह समय-बद्ध और अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी पात्र निवासी निर्धारित तिथि के भीतर TAMS ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन सुनिश्चित करें।

**आदेशानुसार,**

**नगर प्रशासन विभाग**
**लीज एवं लाइसेंस अनुभाग**
**बोकारो स्टील प्लांट**

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली- 110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर L27109DL1973GO1006454 वेबसाइट

**हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल**






# तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत

## दोनों लाने गए थे कमल के फूल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र के रानीखावा स्थित तालाब में कमल फूल तोड़ने उतरे दो बच्चों की मौत गहरे पानी में डूबने से शुक्रवार की सुबह हो गई। मृतकों में शंकर रजक का 10 वर्षीय पुत्र हार्दिक रजक व विशु रजक का करीब आठ वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार शामिल हैं।
दोनों बच्चे तालाब में कमल फूल तोड़ने उतरे थे। इसी क्रम में गहरे पानी में डूब गए। तभी आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो हल्ला किया गया। इसके बाद स्वजन व आसपास के लोगों के सहयोग से तालाब से दोनों बच्चों को अचेतावस्था में निकाला गया और गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया।
सदर अस्पताल में चिकित्सक ने जांचोपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। फिर बच्चों को स्वजन निजी क्लीनिक ले गए। वहां भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बिना पोस्टमार्टम कराए स्वजन शव को घर ले गए। बच्चों की मौत से दोनों के सजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना फैलते ही गांव में मातम पसर गया है।

# छात्रावास की बदहाली से भड़के छात्र

## उपायुक्त को दिया समस्याओं से संबंधित आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास संख्या एक में मूलभूत सुविधाओं के अभाव सह रहे छात्रों का सब्र गुरुवार को जवाब दे गया। लगभग 150 छात्रों ने सुविधाओं की मांग को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया और कहा कि अगर सात दिन में समस्या का सुधार नहीं हुआ तो वे बाल्टी व बर्तन के साथ आंदोलन के लिए विवश होंगे।
छात्रों ने बताया कि 150 छात्रों के लिए मात्र दो शौचालय है। नियमित एवं स्वच्छ पेयजल की कमी है। छात्रावास परिसर में गंदगी है और जर्जर भवन के कारण छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
नगर परिषद द्वारा समय पर पानी की आपूर्ति नहीं की जाती और जो पानी दिया जाता है वह गंदा रहता है। मजबूरी में पीना पड़ता है। शौचालय का सेप्टिक टैंक पूरी तरह भर चुका है, जिससे गंदा पानी परिसर में फैलने और संक्रमण का खतरा बना हुआ है।
पर्याप्त रसोइया एवं भोजन व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें स्वयं दो वक्त का भोजन पकाना पड़ता है। जलावन की लकड़ी के लिए छात्रों को छात्रावास से लगभग 50 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है, जिससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।
छात्रावास भवन की स्थिति भी जर्जर है। मरम्मत के नाम पर केवल रंगाई-पुताई किए जाने से भवन की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### सात दिनों में निराकरण नहीं तो होगा आंदोलन

अगुवाई कर रहे झारखंड क्रांति सेना के निखिल मुर्मू ने उपायुक्त से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए छात्रावास की सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने व समस्याओं का अधिकतम एक सप्ताह के भीतर समाधान कराने की मांग की है।
पर्याप्त शौचालय, स्वच्छ पेयजल, सेप्टिक टैंक की सफाई, रसोइया एवं भोजन की व्यवस्था, परिसर की नियमित सफाई, भवन का वास्तविक जीर्णोद्धार सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।
जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी से भी मिलकर इन समस्याओं को लेकर अवगत कराया। पदाधिकारी ने तत्काल शौचालय की सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था और बाकी समस्याओं का सप्ताह भर के अंदर निदान करने का आश्वासन दिया।
छात्रों का कहना है कि छात्रावास पढ़ने वाले विद्यार्थियों का आश्रय स्थल है, इसलिए उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के साथ गंभीर अन्याय है। अगर सुधार नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा।
मौके पर बहादुर मुर्मू, अम्पाय हेंब्रम,मनोज, राजा, परफेक्ट अनुज मुर्मू, परफेक्ट विनोद, सोमलाल, अनस, प्रदीप, महेश, पत्रस, संजय, रवि, महेश्वर, वीरेंद्र, पप्पू, सुमित, पत्रस, इस्माइल, अजीत, रमेश, रमेश, राजू, विनोद, अमन, आर्यन, आनंदमंटू,अभिषेक, डेविड,अभिषेक,संदीप, अरविंद,अंकित आदि मौजूद थे।

# अनियंत्रित बस पेड़ से टकरायी, कई घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोलेबिरा-रांची मुख्य पथ एनएच-143 पर प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को शिवम नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद बस क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।
घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायलों को स्वयं बस से बाहर निकालने में मदद की। इसके बाद दर्जनों घायलों को कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।
घटना की जानकारी मिलने पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेग एवं कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा भी घटनास्थल पर पहुंचीं। दोनों ने घटनास्थल की वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मानवता के नाते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हाल जाना तथा उनके इलाज की जानकारी ली।

# बाबा वैद्यनाथ धाम मंदिर का भरा खजाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बाबाधाम में विश्व का ख्याति प्राप्त श्रावणी मेला लगा है। एक महीना तक चलने वाला आस्था का ऐसा मेला दुनियां में कहीं नहीं लगता है।
आस्था की प्रकाष्ठा देखनी हो तो बाबा बैद्यनाथ के दरबार में आइए। भक्ति की शक्ति देखनी होतो अजगैवीनाथ से देवघर की 105 किमी की कांवर यात्रा देखिए।
बाबा के प्रति भक्तों की निष्ठा ऐसी है कि वह भोलेनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद दान भी करते हैं। अब तक 28.33 लाख भक्तों ने जलार्पण किया है। इसमें 92,134 भक्तों ने शीघ्रदर्शनम का लाभ लिया है।
केवल शीघ्रदर्शनम से मंदिर के कोष में 3.31 करोड़ आया है। डेडिकेटेड लाइन होने के कारण इसमें ज्यादा भक्त पूजा कर रहे हैं। इस बार रिकॉर्ड संख्या एक दिन में दिख रही है।
एक दिन में 16 हजार भक्त कूपन लेकर पूजा किए हैं, जबकि 2024 में यह संख्या प्रतिदिन छह हजार से सात हजार तक ही होती थी।
पिछले साल 2025 में एक महीना में 1,68,870 श्रद्धालुओं ने शीघ्रदशर्नम का लाभ लिया था। इस बार अब तक एक पखवारा में 93 हजार भक्तों ने कम समय में पूजा करने के लिए कूपन लेकर इस सुविधा के रास्ते जलार्पण किया है। यदि 2025 से 2026 की तुलना करें, तो इस साल एक महीना में पौने दो लाख भक्त शीघ्रदशर्नम सुविधा से पूजा कर सकते हैं। और यह अनुमान सही रहा तो मंदिर के खजाना में राजस्व की राशि 5.50 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगी।
यह सुविधा सावन के पहले दिन से आरंभ की गयी है। इसकी कतार सामान्य कतार से बिल्कुल अलग है। इस सिस्टम के विकसित किए जाने के बाद भक्तों को सुकून के साथ साथ समय की बचत हो रही है।
कम समय में पूजा करने के कारण पूर्णिया के भक्त श्याम किशोर, सिल्लीगुड़ी के विकास कुमार और पटना के आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि अच्छी व्यवस्था है। इसका लाभ मिल रहा है।

## ट्रेन से गिरकर महिला जख्मी

**गयाजी।** जंक्शन पर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में एक अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। रेलवे सुरक्षा बल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ऑपरेशन सेवा के तहत महिला को प्राथमिक उपचार दिलाया और बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा। महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।शुक्रवार को गयाजी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 के दिल्ली छोर पर यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, मालदा टाउनझगोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13435) से एक महिला चलती ट्रेन से नीचे उतरने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिरकर घायल हो गई। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आई। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मी जीएन राय ने घटना की सूचना तत्काल अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अजय तिग्गा, सहायक उपनिरीक्षक अक्षयवर सिंह और अन्य जवान मौके पर पहुंचे। स्टेशन मास्टर को तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए सूचित किया गया।

# भाजपा नेता की धारदार हथियार से हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगोदर/गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के हेसला ओवर ब्रिज के पास अपराधियों ने भाजपा नेता मिथिलेश यादव की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना शुक्रवार अल सुबह करीब तीन बजे की है। उनका शव हेसला में सर्विस रोड में पड़ा हुआ था।
मृतक 35 वर्षीय मिथिलेश यादव बगोदर हेसला के रहने वाले थे। वह भाजपा के औंरा मंडल के मंत्री पद पर आसिन थे। वे हेसला ओवर ब्रिज के पास वाशिंग सेंटर चलाते थे। घटना स्थल पर स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। महिलाओं का क्रंदन थम नहीं रहा था।
घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोगों की घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई। लोग काफी आक्रोशित थे। आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-कोलकता को जोडने वाले जीटी रोड को पास जाम कर दिया।
प्रदर्शनकारी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर बगोदर सरिया एसडीपीओ



धनंजय कुमार राम, डुमरी एसडीपीओ आबिद खान,बगोदर थाना प्रभारी राजेश कुमार समेत डुमरी,निमियांघाट व सरिया थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे।
बगोदर के भाजपा विधायक नागेंद्र महतो,पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।
रोड जाम कर रहे लोगों को बगोदर एसडीपीओ ने समझा बुझाकर जाम को हटवाया। जीटी रोड दो घंटा जाम रहा।
घटना की जांच के लिए गिरिडीह से तकनीकी टीम ,फिंगर प्रिंट की टीम व हजारीबाग से खोजी कुत्ता मंगवाया गया।
आवश्यक जांच के बाद शुक्रवार की दोपहर को बगोदर पुलिस ने घटनास्थल से शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।
मृतक के माथे पर गंभीर चोट के निशान थे और उनकी बाइक भी अपराधियों ने क्षतिग्रस्त कर दी थी। भाजपा नेता का शव उनके वाशिंग सेंटर के विपरीत दिशा में राष्ट्रीय

### लोगों ने सड़क जाम कर जताया विरोध

राजमार्ग 19 के सर्विस रोड में पड़ा था।
अपराधियों ने युवक की हत्या कर उसे दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया था।बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने पुलिस प्रशासन से घटना का खुलासा कर अपराधियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की।
उन्होने कहा है कि झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अपराधियों के मन में कानून का कोई भय नहीं रह गया है और आए दिन हत्या, लूट, अन्य आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं। मौके पर इस दौरान जीप सदस्य दुर्गेश कुमार, प्रमुख आशा राज,उप प्रमुख हरेंद्र सिंह, झामुमो नेता शत्रुधन मंडल,सांसद प्रतिनिधि महेश मिश्रा,अमजद खान,मुखिया रामचंद्र यादव, सरिता साव,जितेंद्र महतो समेत बड़ीं संख्या लोग घटनास्थल पर पहुचे।

# हवाई फायरिंग की घटना से अफरातफरी

## घटनास्थल से खोखा बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र स्थित आईजीआईएमएस अस्पताल के गेट नंबर-3 के पास शुक्रवार को हवाई फायरिंग की घटना से अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि दवा दुकानदार और एक कथित दलाल के बीच विवाद के बाद कुछ लोगों ने मेडिकल दुकान में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और इसके बाद दुकान के बाहर हवाई फायरिंग की।
घटना की सूचना मिलते ही शास्त्री नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। घटना में फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।
बताया जा रहा है कि सुबह इलाज कराने आए एक मरीज के दवा के पुर्जे को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि अस्पताल के बाहर मौजूद एक कथित दलाल मरीज को अपनी पसंद की मेडिकल दुकान से दवा खरीदने के लिए ले जाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान अंशिका मेडिकल हॉल के कर्मचारियों से उसकी कहासुनी हो गई।
आरोप है कि बाद में कथित दलाल कुछ अन्य लोगों के साथ मेडिकल दुकान पर पहुंचा और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इसके बाद दुकान के बाहर हवाई फायरिंग की गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, आईजीआईएमएस के बाहर दवा दुकानों को लेकर दलालों की गतिविधियों की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और फायरिंग में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

# व्यवसायी से लूटकांड के आरोपित हथियारों के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोन के समीप कस्तूरबा विद्यालय प्रतापपुर मोड़ जोरी के पास सरस्वती ज्वेलर्स के संचालक मृत्युंजय कुमार वर्मा से हुई लूटपाट मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
गिरफ्तार आरोपितों में हंटरगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी अजय दास का पुत्र अमित कुमार, बगरा थाना क्षेत्र के छोटकी जोरी निवासी राजू दास का पुत्र बिटू कुमार तथा करेलीबार निवासी रामरतन भारती का पुत्र रोहित कुमार शामिल हैं।
बुधवार को डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया गया कि सात अगस्त की रात करीब 8:15 बजे अज्ञात अपराधियों ने मृत्युंजय कुमार वर्मा से मोबाइल और सोने की चेन लूट ली थी। अपराधियों ने घटना के दौरान फायरिंग भी की थी। मामले को लेकर वशिष्ट नगर थाना कांड संख्या



117/26 बीएनएस की धारा तथा आर्म्स एक्ट की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।
घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई। छापेमारी के दौरान 11 अगस्त को अमित कुमार, बिटू कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। अमित कुमार की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और एक अपाची मोटरसाइकिल बरामद की गई।
घटनास्थल से भागने के दौरान अपराधियों द्वारा छोड़ी गई चप्पल भी पुलिस ने बरामद की है। कहा कि अमित कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध हंटरगंज थाना में कांड संख्या 175/21, शेरघाटी थाना बिहार में कांड संख्या 356/24 एवं 379/24 तथा बहेड़ा ओपी, बिहार में कांड संख्या 43/24 दर्ज है। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आज

# मतदाता सूची की दी जायेगी विस्तृत जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना चरण पूरा होने के बाद प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची की जानकारी आम मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए 15 अगस्त को प्रखंड की सभी पंचायत भवनों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।
ग्राम सभा में बीएलओ एवं चुनाव पाठशाला के सदस्य ग्रामीणों को प्रारूप मतदाता सूची के साथ-साथ एएसडीडी सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी देंगे।
मतदाताओं को बताया जाएगा कि प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज है या नहीं। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम किसी कारणवश प्रारूप सूची में शामिल नहीं हो पाया है, तो उसे दावा-आपत्ति दाखिल करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। संबंधित मतदाता निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके अलावा सूची में दर्ज नाम, पता अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर भी नियमानुसार सुधार के लिए आवेदन करने की जानकारी दी जाएगी।
साथ ही एएसडीडी सूची के संबंध में भी मतदाताओं को जानकारी दी जाएगी। बीएलओ ग्रामीणों को बताएंगे कि किन मतदाताओं के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं और यदि किसी मतदाता को लगता है कि उसका नाम गलत तरीके से एएसडीडी सूची में शामिल किया गया है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसका उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने नहीं देना है। आयोजित विशेष ग्राम सभा में पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को भी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।
वैसे युवा जो एक अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने की अर्हता रखते हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रपत्र-6 भर सकते हैं।

## पहली बार एमएससी डेटा साइंस में पीजी स्तर की पढ़ाई

# रांची विवि में दो नए कोर्स शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में करियर से संबंधित कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए दो ऐसे नए कोर्स शुरू हुए हैं, जिसे पूरा करने के बाद रोजगार के अवसर प्रदान हो जाएंगे। ये दोनों पीजी स्तर के कोर्स हैं और वर्तमान में विवि के पीजी गणित विभाग के अंतर्गत संचालित होंगे।
वहीं आने वाले समय में सांख्यिकी विभाग की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से पद सहित अन्य प्रारूप सरकार को भेज दिया गया है। वहीं इसके विभाग बन जाने के बाद जिसके अंतर्गत ही डेटा साइंस की पढ़ाई भी संचालित होगी। इन दोनों कोर्स में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और चांसलर पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी आवेदन दे सकेंगे।
रांची विश्वविद्यालय में पीजी स्तर पर दो कोर्स की शुरूआत की गयी है। इसमें पहला एमएससी इन सांख्यिकी और एमएससी इन डेटा साइंस शामिल है। प्रत्येक कार्यक्रम में 30 सीटें निर्धारित की गई हैं।
इन पाठ्यक्रमों को वर्तमान समय की शैक्षणिक एवं औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, सांख्यिकीय माडलिंग, अनुसंधान तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार एवं उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। दोनों कोर्स में सत्र 2026-28 के तहत नामांकन लिया जाएगा।
एमएससी सांख्यिकी में नामांकन के लिए अभ्यर्थी किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीए या बीएससी (ऑनर्स) सांख्यिकी अथवा स्नातक स्तर पर सांख्यिकी विषय के साथ किसी भी विषय में स्नातक उपाधि प्राप्त होना आवश्यक है।
वहीं एमएससी डेटा साइंस में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, बीसीए, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त हों तथा 10 2 स्तर पर गणित विषय का अध्ययन किया हो।
इस कोर्स को करने पर सरकारी विभाग में नौकरी के अपार मौके हैं। जनसंख्या विभाग, जनगणना और संख्यिकी से जुड़े कार्य करने हो तो सरकारी विभाग में नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं। जनसंख्या, इलेक्शन कमीशन या किसी भी अन्य सरकारी आंकड़ों से संबंधित कार्य में स्टेटिस्टिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।
सरकारी नौकरी में पैसा और पद दोनों में ही सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। शुरूआती वेतन आमतौर पर 4 लाख से 8 लाख रुपये प्रति वर्ष होता है, जो अनुभव के साथ बढ़कर 15 लाख रुपये या उससे अधिक हो सकता है।
एमएससी डेटा साइंस करने के बाद हेल्थकेयर, फाइनेंस, ई-कॉमर्स और आईटी सेक्टर में डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर और बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट जैसे पदों पर बेहतरीन रोजगार के अवसर मिलते हैं।
भारत में एक डेटा साइंटिस्ट की औसत मासिक सैलरी लगभग 70,000 रुपये से 1,25,000 रुपये (वार्षिक 8 लाख से 14 लाख रुपये) के बीच होती है। शुरूआती स्तर (फ्रेशर) पर यह कमाई कम होती है, जबकि अनुभव बढ़ने के साथ यह लाखों रुपये प्रति माह तक पहुंच जाती है।

## पोखर में कूदकर आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित साहू पोखर में गुरुवार देर रात एक शख्स ने छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। व्यक्ति के पोखर में छलांग लगाने की खबर के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इस दौरान वह पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। हालांकि, आधी रात में गहरा अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो सका। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर डूबे व्यक्ति के शव की तलाश में सघन रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। कई घंटे तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बाद में परिजनों के पहुंचने पर मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के अंडीगोला निवासी 45 वर्षीय दिलीप प्रसाद के रूप में हुई।

# गांजे की बड़ी खेप के साथ चार तस्कर धराये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गुप्त सूचना के आधार पर नौबतपुर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 134 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक फॉरच्यूनर गाड़ी और गांजा लदे ट्रक को भी जब्त किया है।
जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने के बाद नौबतपुर थाना प्रभारी मंजीत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नौबतपुर थाना क्षेत्र के चेचौल के पास बिहटा-सरमेरा एनएच-131जी पर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने एक फॉरच्यूनर गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान गाड़ी से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने फॉरच्यूनर सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।
पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों से मिली जानकारी और उनकी निशानदेही के आधार पर उसी इलाके में एक ट्रक को भी रोका गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसके बॉक्स से भी गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया।
पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा बरामद करने के साथ फॉरच्यूनर और ट्रक दोनों को जब्त कर लिया। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक एवं खलासी चंद्रदेव पांडे और भगवान चौधरी, जबकि फॉरच्यूनर सवार सन्नी कुमार और निर्भय सिंह को गिरफ्तार किया है।
पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गांजे की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने की तैयारी थी। हालांकि, गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इस संबंध में पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं और गांजा तस्करी का नेटवर्क कितना बड़ा है।

# प्रखण्डों में तिरंगा यात्रा की रही धूम









नबिटा टीम

**शिवाजीनगर/ एकमा/ गयाजी/ फतुहा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शिवाजीनगर प्रखंड मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में प्रखंड के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मार्गों से गुजरी। बीडीओ श्री सिंह ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने और उनके आदर्शों को अपनाने का अवसर भी है।

उन्होंने सभी लोगों से स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाने की अपील की। यात्रा में सीओ अम्रपाली यादव, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बनाए रखने का संदेश दिया।

गयाजी से संवाददाता के अनुसार रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया जी के द्वारा तिरंगा जागरण अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाला गया। जिसमें विद्यालय के उत्साहित छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं वंदे मातरम और घर-घर तिरंगा लहरा के जय घोष के साथ मुख्य मार्ग होते हुए थाना बाजार से बिलहरी मोड तक प्रभात फेरी किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने बच्चों में तिरंगा झंडा की मेहता को बताते हुए कहा यह राष्ट्र का झंडा सर्वोपरि है। तिरंगा यात्रा में राजेश कुमार राजू प्रदीप कुमार मौर्य दीपक कुमार सिंह मानस कुमार रिंकी कुमारी सुनील कुमार रिजवान उल्ला राजेश कुमार रवि प्रकाश मालवीय तरुण कुमार कन्हाई दास रिंकू कुमारी निशा कुमारी प्रेम रंजन कुमार,अंतरीना कुमारी, दिवाकर कुमार,रिंकी कुमारी,सोनी कुमार, पम्मी कुमारी मौजूद थी।

**एकमा (सारण) से संवाददाता के अनुसार** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर स्थित मध्य विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय राजापुर के तत्वावधान में शुक्रवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में एकमा बाजार और पोषक क्षेत्र में निकली तिरंगा रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आनंद सिंह, उपेन्द्र कुमार यादव, नगर उपाध्यक्ष रानू मांझी, संजीव सिंह, गाजी हसन, कुमार समरेश, चंदन कुमारी, माया शर्मा, रीता कुमारी, अफरोजी खातून एवं वर्षा गुप्ता के अलावा प्राथमिक विद्यालय राजापुर के लखन लाल प्रसाद, अंजना मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मध्य विद्यालय परिवार हंसराजपुर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता और अखंडता तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

# सीसीटीवी के जरिये उपद्रवियों की पहचान कर रही पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बीते बृहस्पतिवार को भर्ती परीक्षा अनियमितताओं को लेकर 10 अगस्त को झारखंड विधानसभा तक किए शांतिपूर्ण मार्च में शामिल 300 अज्ञात युवाओं के खिलाफ विधानसभा थाने में एफआईआर दर्ज की गई। रांची पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों पर यह कार्रवाई निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप के तहत की गई है।

पुलिस ने बताया कि वीडियो फुटेज के जरिए इन उपद्रवियों की पहचान करने की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसपी राकेश रंजन ने कहा था कि प्रशासन 10 अगस्त को छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में बाधा डालने वाले उपद्रवियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि बवाल में 14 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, वॉटर कैनन और आंसू गैस का इस्तेमाल किया था।

बीते 20 दिनों से रांची में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने अपना आंदोलन खत्म करने से इन्कार कर दिया। वे सीबीआई जांच और परीक्षाओं को रद्द करने की अपनी मांग पर अड़े रहे। आंदोलन के 20वें दिन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में इकट्ठा हुए सैकड़ों छात्रों ने मांगे पूरी न होने तक विरोध जारी रखने की बात कही।

अभ्यर्थी न्याय मंच के अध्यक्ष रामअवतार महतो ने रांची प्रशासन पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो की सेहत से जुड़ी जानकारी छुपा आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया।

# कुएं की जहरीली गैस से चार लोगों की गयी जानें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र के गढ़ करमौनी गांव में खेत की सिंचाई के लिए लगे समरसेबल पंप को ठीक करने पुराने कुएं में उतरे चार ग्रामीणों की संदिग्ध जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक ग्रामीण को बचाने के प्रयास में एक के बाद एक चार लोग कुएं में उतरते गए और कुछ ही मिनटों में यह कोशिश दर्दनाक हादसे में बदल गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

ग्रामीणों के अनुसार, करीब 30 फीट गहरे पुराने कुएं में पानी कम था। खेत की सिंचाई के लिए लगाए गए समरसेबल पंप में खराबी आ गई थी। इसे ठीक करने के लिए सबसे पहले विजय चौधरी कुएं में उतरे। बताया जा रहा है कि नीचे पहुंचने के बाद वह दलदल में फंस गए और बाहर नहीं निकल सके।

- समरसेबल पंप ठीक करने कुएं में उतरे थे ग्रामीण
- बचाने की कोशिश में एक-एक कर कुएं में उतरे थे लोग
- एसडीआरएफ और प्रशासन ने संभाला मोर्चा

विजय चौधरी को कुएं में फंसा देखकर उनके बेटे विकास कुमार उन्हें बचाने के लिए नीचे उतरे। लेकिन वह भी संदिग्ध जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। इसके बाद दिलचंद मांझी और चमारी मांझी भी दोनों को बचाने के लिए कुएं में उतरे। दोनों भी बेहोश होकर गिर पड़े। देखते ही देखते चारों की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही डोभी थाना पुलिस, जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद तीन शवों को कुएं से बाहर निकाल लिया गया। वहीं, चौथे शव को निकालने के लिए भी देर तक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि लंबे समय से बंद पड़े कुएं में जहरीली गैस जमा होने के कारण हादसा हुआ। हालांकि, गैस किस प्रकार की थी और मौत की वास्तविक वजह क्या रही, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गढ़ करमौनी गांव में मातम पसरा हुआ है। एक ही गांव के चार लोगों की मौत से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे पुराने और बंद पड़े कुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी नियमित जांच कराने की मांग की है।

## स्कॉर्पियो ने बुलेट सवार दंपति को रौंदा

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां सबनीमा गांव के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बुलेट सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दंपति सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।हादसे के बाद घटनास्थल पर इंसानियत को शर्मसार करने वाला दृश्य देखने को मिला। खून से लथपथ घायल दंपति करीब आधे घंटे तक फोरलेन के किनारे तड़पते रहे और वहां से गुजर रहे लोगों से मदद की गुहार लगाते रहे। लेकिन किसी भी राहगीर ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल नहीं पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार, अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव निवासी और बिहार पुलिस में कार्यरत एसआई हरेराम शर्मा अपनी पत्नी रूबी देवी के साथ लखीसराय स्थित अशोक धाम मंदिर में जलाभिषेक कर बुलेट से अपने घर लौट रहे थे।

# पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़

## आरोपित हुआ फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले के जजुआर थाना क्षेत्र में पुलिस और एक आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम आरोपी को पकड़ने पहुंची थी। खुद को घिरता देख आरोपी ने हथियार निकालकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसके बाद आरोपी मौके से भागने में सफल रहा।

फरार आरोपी की पहचान उत्तम राय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस पर फायरिंग करने के बाद भागते समय आरोपी ने एक बाइक सवार को हथियार दिखाकर उसकी बाइक लूट ली और उसी से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आरोपी की फायरिंग में किसी भी पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने फरार बदमाश की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। बताया गया है कि उत्तम राय के खिलाफ मुजफ्फरपुर, दरभंगा और सीतामढ़ी जिले में कई मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी द्वारा छोड़े गए पांच जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक वाई-फाई राउटर बरामद किया है। पुलिस ने सभी सामान जब्त कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

मामले में सिटी एसपी ने बताया कि जजुआर थाना क्षेत्र में एक आरोपी के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी की घेराबंदी की गई। खुद को घिरता देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। भागने के दौरान उसने एक बाइक सवार से बाइक भी लूट ली और फरार हो गया। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। फरार आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## पंचायतों में स्वच्छता को ले बीडीओ ने दिया निर्देश

**शिवाजीनगर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर प्रखंड के सभी पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायतों में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा पंचायत स्तर पर साफ-सफाई की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए प्रत्येक पंचायत में नियमित रूप से साफ-सफाई कराना आवश्यक है। उन्होंने पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने, सार्वजनिक स्थानों, मुख्य सड़कों, नालियों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# ट्रक की ठोकर से भतीजा की मौत, चाचा गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जिले के पूसारोड-पूसा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गंगापुर स्थित अस्पताल चौक के पास तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 10 वर्षीय मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मासूम का शव सड़क पर रखकर मार्ग जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

मृतक की पहचान पूसा प्रखंड के दक्षिणी हरपुर निवासी राजेश कुमार के पुत्र रुद्रांश कुमार (10) के रूप में हुई है। बताया गया कि रुद्रांश अपने चाचा राकेश कुमार (35) के साथ बाइक से वैनी सब्जी मंडी गया था। दोनों आम लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गंगापुर स्थित अस्पताल चौक के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बालू लदे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक की टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और चाचा-भतीजा सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रुद्रांश गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, राकेश कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। मासूम की मौत से आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर पूसारोड-पूसा मुख्य मार्ग जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# वार्ड सदस्य की गोली मारकर हत्या

## दो पक्षों में चल रहा था जमीन का विवाद, गये थे समझौता कराने,दो धराये

## मृतक के दो भतीजों को भी लाठी-डंडों से धूना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच समझौता कराने पहुंचे वार्ड सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली उनके बाएं कंधे के पास काफी करीब से मारी गई।स्वजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ला रहे थे, तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

वहीं, घटना के दौरान लाठी-डंडे से मारपीट में उनके दो चचेरे भतीजे भी जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

मृतक की पहचान भीखमपुर गांव निवासी गांधी सिंह के 45 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह के रूप में हुई है। वे अगिआंव प्रखंड की डिलिया पंचायत के वार्ड नंबर 11 के वार्ड सदस्य थे।

जख्मियों में उसी गांव के स्व. राम दयाल सिंह के पुत्र कृष्ण सिंह (52) और बलिराम सिंह (36) शामिल हैं। दोनों मृतक के भतीजा बताए जाते हैं।



जख्मी कृष्ण सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से दो डिसमिल जमीन को लेकर करीब छह महीने से विवाद चल रहा है। गत 10 अगस्त को भी उक्त लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडे से मारकर जख्मी कर दिया था।

शुक्रवार की सुबह वह अपने चचेरे चाचा अशोक सिंह और सगे भाई बलिराम सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव में पीपल के पेड़ के पास छह-सात लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि इसी दौरान अशोक सिंह को गोली मार दी गई। वहीं, कृष्ण सिंह और बलिराम सिंह के साथ लाठी-डंडे से मारपीट की गई। घटना के बाद गांव में रोष एवं तनाव व्याप्त है।

स्वजन घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने अशोक सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

जख्मी कृष्ण सिंह ने गांव के सुमन सिंह और भानु सिंह समेत अन्य लोगों पर दो डिसमिल जमीन के विवाद को लेकर अशोक सिंह की गोली मारकर हत्या करने तथा उन्हें और उनके भाई को मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

चौरी थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि भीखमपुर गांव निवासी कृष्ण सिंह और भानु प्रताप सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद था। इसी विवाद में समझौता कराया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में उसी विवाद को लेकर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।

घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संतोष सिंह और भानु प्रताप सिंह को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

# रेरा के आयुक्त ने अंचल एवं रजिस्ट्री कर्मियों को चेताया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** रेरा के आयुक्त संजय कुमार ने रजिस्ट्री एवं अंचल अधिकारियों को प्लाटिंग से संबंधित बड़ी भूमि के निबंधन के मामलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि निबंधन से पहले सभी आवश्यक दस्तावेजों, स्वीकृतियों एवं संबंधित प्रावधानों की गहन जांच की जाए। इसके बाद ही नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वे समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिले में रियल एस्टेट से संबंधित संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।बैठक में रेरा के सचिव अनिमेष पांडेय, डीएम श्रीकांत शास्त्री, डीडीसी आकाश चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सदर एसडीओ अश्विनी कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में रेरा के तहत संचालित एवं प्रस्तावित नए रियल एस्टेट प्रोजेक्टों की स्थिति और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

साथ ही छह अगस्त 2025 को जिले में किए गए क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान गठित तीन टीमों द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण और उनके प्रतिवेदनों में सामने आए बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अनधिकृत प्लाटिंग एवं रियल एस्टेट गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ निवेशकों के हितों की सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, नियमों का अनुपालन और निवेशकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी रखेगा।

# बेटे का शव गांव के बाहर फेंका, मचा हड़कम्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** तेलमर थाना क्षेत्र के बथानी पर गांव में चार वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गांव निवासी सुनील मांझी के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। बच्चे की मौत के बाद शव को गांव के बाहर फेंके जाने की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर तेलमर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक के पिता सुनील मांझी ने पूछताछ में बताया कि सोनू पिछले दो-तीन वर्षों से कुपोषण से पीड़ित था। उसका स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा था। बुधवार को बच्चा खाना खा रहा था।

बीमारी और कमजोरी के कारण वह

## पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

उठ नहीं सका और बैठे-बैठे ही शौच व पेशाब कर दिया। इसी बात पर गुस्से में पिता ने उसे दो-तीन थप्पड़ मार दिए। इसके बाद बच्चा जमीन पर गिर पड़ा।

पिता के अनुसार, बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे पहले कल्याण विगहा में इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर किया। इसी दौरान रास्ते में बच्चे की मौत हो गई।

बताया जाता है कि सुनील मांझी अपनी पत्नी, तीन बेटों और दो बेटियों के साथ उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में रहता था। बच्चे की मौत के बाद परिवार के सदस्यों ने डर के कारण शव को गांव के बाहर फेंक दिया। कुछ ही देर में ग्रामीणों को इसकी जानकारी हो गई और गांव में शोर-शराबा शुरू हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। परिजनों अथवा अन्य किसी व्यक्ति की ओर से लिखित आवेदन मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रॉड से हमलाकर महिला की हत्या

**समस्तीपुर।** बंगरा थाना क्षेत्र की सिरसिया पंचायत के वार्ड 10 में आपसी विवाद के बाद बरामदे में सो रही महिला की नुकीले राड से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान स्व. महबूब खान की पत्नी कमरुल खातून (47) के रूप में हुई है। उसका एक पुत्र मानसिक रूप से कमजोर बताया जाता है।


बताया गया कि कमरुल खातून का पड़ोस के ही एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद घर के बरामदे में सो रही कमरुल को अकेला पाकर नुकीले राड से हमला किया गया। हमले में गंभीर चोट लगने से महिला की मौत हो गई।

गुरुवार सुबह महिला के घर में कोई गतिविधि नहीं दिखी तो स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा तो महिला मृत अवस्था में पड़ी थी। घटना की सूचना मिलने पर बंगरा थानाध्यक्ष पंचम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घर के अंदर और आसपास के हिस्से का बारीकी से निरीक्षण किया।

## कार सवार लोगों ने पोती से की थी छेड़खानी

# विरोध करने पहुंची महिला को कार सवारों ने कुचला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** हिसुआ थाना क्षेत्र के तुंगी बाजार के समीप गुरुवार को पोती के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर 60 वर्षीय महिला को कुचल दिया गया।

हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार लोग फरार हो गए। हुई घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। इस मामले में चार के खिलाफ एफआईआर की गई है।

मृतका की पहचान हिसुआ थाना क्षेत्र के लाटावर गांव निवासी महिला के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

## गुस्साये लोगों ने शव को सड़क पर रख, टायर जलाकर जताया रोष

लोगों ने शव को सड़क पर रखकर गया-नवादा मुख्य मार्ग जाम कर दिया। इससे काफी देर तक आवागमन बाधित रहा और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया है। सदर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद ने बताया कि कार बरामद कर ली गई है, जबकि उसका चालक फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार वाहन के चोरी का होने की बात भी सामने आई है। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। घटना के संबंध में स्वजन की ओर से नगर थाना में आवेदन देकर चार लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में सौरभ चौधरी, पिता इनम चौधरी, निवासी तुंगी; विक्की चौधरी, पिता धनंजय चौधरी, निवासी तुंगी; छबिल चौधरी, पिता कृष्ण चौधरी, निवासी जमुआमा तथा चंदन चौधरी, पिता नामालूम, निवासी तुंगी को नामजद किया गया है।

आवेदन में बाजार से लौटने के दौरान पोती के साथ छेड़खानी की कोशिश करने और इसका विरोध करने पर महिला को कार से कुचलने का आरोप लगाया गया है। पुलिस आवेदन में लगाए गए आरोपों, घटनास्थल और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वजन के अनुसार, बुजुर्ग महिला गुरुवार को अपनी पोती के साथ तुंगी बाजार गई थीं। बाजार से लौटने के दौरान दोनों सड़क किनारे से घर की ओर जा रही थीं।

इसी बीच एक स्विफ्ट कार वहां पहुंची। स्वजन के मुताबिक, कार में सवार लोगों ने पोती के साथ बदसलूकी की कोशिश की।

महिला और उनकी पोती ने इसका विरोध किया। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कार चालक ने महिला को कार से कुचल दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वजन मौके पर पहुंच गए। महिला की मौत से आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर एसएच-82 को जाम कर दिया।

# संपादकीय

## विमान सुरक्षा पर फिर सवाल- हादसे के बाद भी क्यों नहीं सुधरती व्यवस्था?

नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि इस हादसे के प्रारंभिक जांच निष्कर्षों को गंभीरता से लिया गया है और अब इसकी गहराई से जांच की जाएगी। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो उसके जांच निष्कर्षों का पहला सबक यही होना चाहिए कि भविष्य में उस तरह की खामियां किसी दुर्घटना का कारण न बनें। मगर विमान हादसों का सिलसिला जिस तरह बदस्तूर जारी है, उससे यह विश्वास करना मुश्किल है कि सबक लेने और सुधार की प्रक्रिया में कहीं कोई गंभीरता बरती जाती है। कहने को यात्रियों की सुरक्षा सरकार और विमानन कंपनियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही नजर आती है।तकनीकी सतर्कता की कमी और मानव जनित गड़बड़ियों को दूर करने के लिए तमाम तरह के नियम बनाए गए हैं, मगर इनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र का अभाव आज भी साफ दिखाई देता है। इसका ताजा उदाहरण हाल में थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान के साथ हुआ वह हादसा है, जिसमें विमान हवा में अचानक अनियंत्रित होकर तीन सौ फुट नीचे आ गया और सत्रह यात्री घायल हो गए। इस विमान में चालक दल के साथ कुल 145 यात्री सवार थे।हादसे की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान के मुख्य पायलट ने मनःप्रभावी यानी नशीले पदार्थ का सेवन किया था। इससे हवाई सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। देश में हवाई यात्रा की सुविधा का दायरा बढ़ाने के लिए विमान सेवाओं का भले ही विस्तार किया जा रहा है, विमान किराये में भी आए दिन बेलगाम तरीके से बढ़ोतरी होती रहती है, मगर सुरक्षा के मोर्चे पर मानकों के अनुरूप सतर्कता, सक्रियता और गंभीरता पर ध्यान कम ही दिया जाता है। यही वजह है कि कभी तकनीकी खराबी, कभी मानवीय चूक, तो कभी मौसम की अप्रत्याशित चुनौतियां विमान हादसों का कारण बनती हैं। फुकेत से दिल्ली आ रहे विमान के अनियंत्रित होने की वजह वायुमंडलीय अस्थिरता यानी एयर टर्बुलेंस बताई गई थी। हालांकि बाद में इस विमान को दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया था, मगर अहम सवाल यह है कि देश भर में होने वाले विमान हादसों से सबक क्यों नहीं लिया जाता है? इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और विमान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पायलटों तथा अन्य प्रशिक्षित कर्मियों की जरूरत के मुताबिक तैनाती नहीं हो पाने से संचालन तंत्र पर दबाव बढ़ रहा है और इससे मानवीय चूक की संभावनाएं भी अक्सर बनी रहती हैं। मगर जब पायलट नशीले पदार्थ का सेवन कर विमान उड़ाने लगे, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

# वीर दुर्गादास राठौड़ - मर्यादा, मातृभूमि और मानवता के महाप्रहरी

**यह इतिहास का फैसला है। लोकगीत कभी झूठ नहीं बोलते। वे इतिहास की अदालत में जनता का निर्णय होते हैं। यह गीत किसी वीर की प्रशंसा नहीं, एक सभ्यता की कृतज्ञता है, जिसने अपनी आंखों से देखा कि एक मनुष्य का साहस पूरी सभ्यता की ढाल बन सकता है। यह उस समाज का प्रणाम है, जिसने अपनी आंखों से देखा कि यदि दुर्गादास न होते, तो शायद मारवाड़ का भूगोल ही नहीं, उसका इतिहास, उसका धर्म और उसकी पहचान भी बदल जाती। रामायण में महान जटायु जानते थे कि वे रावण को रोक नहीं पाएंगे, फिर भी लड़े। क्योंकि कभी-कभी युद्ध जीतने से अधिक आवश्यक होता है अन्याय के सामने खड़े होना। महाभारत में अभिमन्यु जानते थे कि चक्रव्यूह से निकलना कठिन है, फिर भी प्रवेश किया। क्योंकि कर्तव्य सुविधा नहीं देखता। दुर्गादास राठौड़ भी उसी परंपरा के महापुरुष थे।**



(प्रणय विक्रम सिंह)

सभ्यताओं का भविष्य कभी-कभी एक ही मनुष्य के साहस पर टिक जाता है। इतिहास तब सेनाओं का नहीं, चरित्रों का इंतज़ार करता है।इतिहास कभी-कभी एक ही मनुष्य के कंधों पर खड़ा दिखाई देता है। कभी वे महाराणा प्रताप होते हैं। कभी छत्रपति शिवाजी महाराज। कभी गुरु गोबिन्द सिंह महाराज। और कभी मरुभूमि की तपती रेत से उठकर इतिहास के क्षितिज पर सूर्य की तरह आलोकित हुएज्परम श्रद्धेय वीरवर दुर्गादास राठौड़। दिल्ली के सिंहासन पर औरंगज़ेब बैठा है। उसके लिए राज्य-विस्तार केवल राजनीति नहीं, मजहबी वर्चस्व का माध्यम भी है। एक-एक कर अनेक राजघराने उसके सामने झुक रहे हैं। तलवारें टूट रही थीं, किले ढह रहे थे, राजसिंहासन सजदा कर रहे थे लेकिन सबसे बड़ा संकट यह था कि भारत का आत्मविश्वास घायल हो रहा था।उसी समय मारवाड़ पर संकट टूट पड़ता है। महाराजा जसवंत सिंह का देहावसान हो गया। उत्तराधिकारी अजीत सिंह अभी शिशु थे। दिल्ली दरबार को लगा कि अब मारवाड़ को निगलना केवल औपचारिकता भर है। लेकिन इतिहास भूल गया था कि राजाओं के जाने के बाद भी कभी-कभी चरित्र पहरा देते हैं। उस समय कोई विशाल सेना आगे नहीं आई। कोई महाशक्ति साथ नहीं खड़ी हुई। उस दिन मारवाड़ की रक्षा एक मनुष्य के संकल्प ने कीज उस संकल्प का नाम था बाबा दुर्गादास राठौड़। उन्होंने केवल अजीत सिंह को नहीं बचाया, उन्होंने भविष्य को बचाया। उन्होंने केवल एक राजवंश की रक्षा नहीं की, उन्होंने उस सांस्कृतिक चेतना की रक्षा की, जिसके सहारे भारत आज भी अपने इतिहास पर गर्व करता है। कहते हैं, जब मुगल सेना चारों ओर से घेर चुकी थी, तब दुर्गादास ने अपने प्राणों की बाज़ी लगाकर शिशु अजीत सिंह को सुरक्षित निकाल लिया। यह केवल एक साहसिक अभियान नहीं था, यह इतिहास के भविष्य को बचाने का अभियान था। उन्होंने युद्ध केवल भूमि के लिए नहीं लड़ा। उन्होंने लड़ाई केवल सत्ता के लिए नहीं लड़ी। उन्होंने संघर्ष इसलिए किया कि आने वाली पीढ़ियां अपने मंदिरों में उसी श्रद्धा से दीप जला सकें, अपनी मातृभाषा उसी स्वाभिमान से बोल सकें और अपने धर्म का पालन बिना भय के कर सकें।

### इसीलिए लोककंठ आज भी गूंज उठता है

धम्मक-धम्मक ढोल बाजे,
दे-दे ठौर नगारां की,
जो आसे के घर दुर्गा नहीं होतो,
सुन्नत हो जाती सारां की।
यह केवल लोकगीत नहीं है।

यह इतिहास का फैसला है। लोकगीत कभी झूठ नहीं बोलते। वे इतिहास की अदालत में जनता का निर्णय होते हैं। यह गीत किसी वीर की प्रशंसा नहीं, एक सभ्यता की कृतज्ञता है, जिसने अपनी आंखों से देखा कि एक मनुष्य का साहस पूरी सभ्यता की ढाल बन सकता है। यह उस समाज का प्रणाम है, जिसने अपनी आंखों से देखा कि यदि दुर्गादास न होते, तो शायद मारवाड़ का भूगोल ही नहीं, उसका इतिहास, उसका धर्म और उसकी पहचान भी बदल जाती। रामायण में महान जटायु जानते थे कि वे रावण को रोक नहीं पाएंगे, फिर भी लड़े। क्योंकि कभी-कभी युद्ध जीतने से अधिक आवश्यक होता है अन्याय के सामने खड़े होना।महाभारत में अभिमन्यु जानते थे कि चक्रव्यूह से निकलना कठिन है, फिर भी प्रवेश किया। क्योंकि कर्तव्य सुविधा नहीं देखता। दुर्गादास राठौड़ भी उसी परंपरा के महापुरुष थे। उन्होंने युद्ध इसलिए नहीं लड़ा कि वे विजेता कहलाएं। उन्होंने युद्ध इसलिए लड़ा कि आने वाली पीढ़ियां पराजित मानसिकता के साथ जीने को विवश न हों। वे जानते थे कि सामने मुगल साम्राज्य है। लेकिन उन्होंने यह भी तय कर लिया था कि आने वाली पीढ़ियां यह कभी नहीं कहेंगी कि मारवाड़ बिना लड़े हार गया।इसीलिए आज, तीन सौ वर्ष बाद भी, उनका नाम इतिहास की पुस्तक में नहीं, लोगों की धड़कनों में जीवित है। उनकी सबसे बड़ी शक्ति तलवार नहीं थी। उनकी सबसे बड़ी शक्ति थीजनिष्ठा। औरंगज़ेब चाहता था कि दुर्गादास उनके साथ आ जाएं। सत्ता मिलती, संपदा मिलती, उपाधियां मिलतीं, सम्मान मिलता। लेकिन कुछ मनुष्य बिकने के लिए नहीं, इतिहास बनाने के लिए जन्म लेते हैं। उन्होंने सुविधाओं के बदले संघर्ष चुना। सत्ता के बदले स्वाभिमान चुना। जीवन के बदले धर्म चुना। यही उन्हें इतिहास का नहीं, चरित्र का सम्राट बनाता है। यदि बाबा दुर्गादास राठौड़ केवल अजीत सिंह की रक्षा तक सीमित रहते, तब भी वे इतिहास के महान योद्धाओं में गिने जाते। किंतु उनका व्यक्तित्व यहीं समाप्त नहीं होता। यहीं से वे एक योद्धा से आगे बढ़कर भारतीय संस्कृति के जीवंत प्रतीक बन जाते हैं। इतिहास साक्षी है कि जब औरंगज़ेब की पोती सफ़ीयत-उन-निसा बेगम तथा उसका भाई बुलंद अख्तर उनके संरक्षण में आए, तब उन्होंने उन्हें शत्रु का परिवार नहीं, संरक्षण की अपेक्षा रखने वाले निरपराध बच्चों के रूप में देखा। युद्ध समाप्त हो सकता है, लेकिन भारतीय संस्कृति अपनी मर्यादा कभी समाप्त नहीं होने देती। शत्रु की पोती जब उनकी शरण में आई, तब दुर्गादास ने प्रतिशोध नहीं चुना, संरक्षण चुना। उन्होंने बता दिया कि भारतीय तलवार शत्रु का वध कर सकती है, लेकिन असहाय का अपमान कभी नहीं करती। उनके धर्म, उनकी परंपराओं और उनकी गरिमा का पूरा सम्मान किया। उन्हें सुरक्षित रखा, उचित शिक्षा-दिक्षा दिलाई और समय आने पर सकुशल औरंगज़ेब को लौटा दिया।दुर्गादास ने सिद्ध कर दिया कि भारतीय पराक्रम प्रतिशोध से नहीं, मर्यादा से संचालित होता है। भारतीय तलवार क्रोध से नहीं, धर्म से चलती है। एक ओर उन्होंने अजीत सिंह के रूप में भविष्य की रक्षा की, दूसरी ओर सफ़ीयत-उन-निसा के सम्मान की रक्षा कर भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखा। यही कारण है कि दुर्गादास राठौड़ केवल राजपूत वीरता के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के चरित्र के सर्वोच्च प्रतिमान बन जाते हैं। भारत की तलवार शत्रु से युद्ध करना जानती है, किंतु भारतीय संस्कृति असहाय पर प्रहार करना कभी नहीं सीखती।

यही दुर्गादास हैं, यही भारत है, यही सनातन है।

यही वह संस्कृति है जो युद्धभूमि में शत्रु का सामना करती है, लेकिन असहाय पर कभी प्रहार नहीं करती। यही वह संतुलन है, जो भारत को केवल शक्तिशाली नहीं, बल्कि महान बनाता है। आज जब हम उनके जीवन को देखते हैं तो महसूस होता है कि समय बदल गया है, चुनौतियां बदल गई हैं, लेकिन प्रश्न वही हैं। क्या आज भी राष्ट्र को स्वाभिमान की आवश्यकता नहीं? क्या आज भी संस्कृति की रक्षा आवश्यक नहीं? क्या आज भी कानून का निर्भीक शासन और समाज का आत्मविश्वास किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति नहीं है? इसीलिए वीर दुर्गादास राठौड़ केवल इतिहास नहीं हैं। वे आज भी प्रासंगिक हैं। उनका जीवन हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सीमाओं से सुरक्षित नहीं होता, वह चरित्र से सुरक्षित होता है। इतिहास की सबसे बड़ी उपयोगिता यही है कि वह वर्तमान को दिशा देता है। इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का नेतृत्व भी भारतीय परंपरा के उन्हीं मूल्यों का स्मरण कराता है, जहां सांस्कृतिक स्वाभिमान, निर्भीक निर्णय, सुशासन और राष्ट्र प्रथम केवल वैचारिक घोषणाएं नहीं, बल्कि शासन का आधार बनते हैं। अयोध्या से काशी तक सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो या कानून के शासन की स्थापना, यह वही संदेश है कि इतिहास का सम्मान केवल स्मारकों से नहीं, बल्कि उसके आदर्शों को वर्तमान में जीने से होता है। आज जब समाज अनेक प्रकार की वैचारिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब दुर्गादास राठौड़ हमें फिर पुकारते प्रतीत होते हैं किज 'अपने समय की सुविधा मत देखो, अपने राष्ट्र का भविष्य देखो।' क्योंकि सभ्यताएं तब तक जीवित रहती हैं, जब तक उनके भीतर दुर्गादास जैसे चरित्र जन्म लेते रहते हैं। उनकी जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि पुष्प चढ़ाना नहीं है। सच्ची श्रद्धांजलि हैस्वाभिमान को जीवन का संस्कार बनाना। धर्म को आचरण का आधार बनाना। राष्ट्र को सर्वोपरि मानना। और अन्याय के सामने कभी न झुकना। जब-जब भारत अपने स्वाभिमान की ओर देखेगा, इतिहास के क्षितिज पर एक तेजस्वी सूर्य सदैव आलोकित दिखाई देगाज्वीरवर दुर्गादास राठौड़। क्योंकि कुछ महापुरुष इतिहास में नहीं रहते, वे राष्ट्र की चेतना में बस जाते हैं। माँ भारती के अमर सपूत, धर्मरक्षक, भारतीय स्वाभिमान के कालजयी प्रहरी, वीरता, निष्ठा, त्याग और अदम्य पराक्रम के अमर प्रतीक, परम श्रद्धेय वीरवर दुर्गादास राठौड़ को उनकी जयंती पर शत-शत, कोटि-कोटि नमन।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# तिरंगे के तीन रंग- नई पीढ़ी के सपनों, साहस और संकल्प का प्रतीक

(दिग्विजय सिंह)

जब खुले आसमान में तिरंगा लहराता है, तो वह केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि 140 करोड़ दिलों की धड़कन बनकर रोमांचित करता है। लेकिन क्या तिरंगा सिर्फ इतिहास के पन्नों, देशभक्ति के गीतों, 15 अगस्त या 26 जनवरी के आयोजनों और सोशल मीडिया पर शुभकामना संदेशों के आदान-प्रदान तक सीमित है? बिल्कुल नहीं! तिरंगा हमारे अतीत का गौरव तो है ही, साथ ही यह आज की जेन-जी (जेन जेड) और उम्र में उससे एक पायदान ऊपर खड़ी युवा पीढ़ी के सपनों, उनकी जीवनशैली और उनकी सोच का सबसे आधुनिक रोडमैप भी है। अगर आज की नई पीढ़ी तिरंगे के केसरिया, सफेद और हरे रंग को अपने जीवन के नजरिए से देखे, तो ये तीन रंग उन्हें हर दिन कुछ नया और बेहतर करने की राह दिखाते हैं। केसरिया केवल बलिदान नहीं, 'साहस और नया सोचने का जुनून भी है। पारंपरिक रूप से हम केसरिया को त्याग और वीरता का प्रतीक मानते रहे हैं। लेकिन, नई पीढ़ी के लिए इस साहस का स्वरूप बदल चुका है। आज केसरिया हर उस युवा का जुनून है, जो स्थापित ढर्रे से हटकर कुछ नया करने का जोखिम लेता है। हर उस युवा की जिद है, जो उन तमाम लोगों को गलत साबित करता है, जिन्होंने उसकी क्षमता पर विश्वास नहीं किया। एक नया स्टार्टअप शुरू करना, पुरानी नौकरी छोड़ किसी अनूठे विचार पर काम करना, दरअसल केसरिया की ऊर्जा ही है। साइबर स्पेस या समाज में जब कोई युवा गलत के खिलाफ खड़ा होता है और बिना डरे अपनी बात रखता है, तो वह भी तिरंगे के केसरिया रंग की निडरता को जी रहा होता है। सफेद रंग, यानी सत्य, शांति और पवित्रता का प्रतीक। आज की भागदौड़ और डिजिटल शोर-शराबे से भरी दुनिया में श्वेत रंग नई पीढ़ी को बहुत गहरा संदेश देता है। मानसिक स्वास्थ्य को लंबे समय तक हमारे समाज में उपेक्षा का शिकार रहना पड़ा, लेकिन आज की पीढ़ी स्वस्थ मन और विचारों में स्पष्टता को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में स्थान देती है। सफेद रंग उन्हें सिखाता है कि सफलता के साथ-साथ मानसिक शांति और विचारशील होना कितना जरूरी है। श्वेत रंग की एक और खूबी है। यह सभी रंगों को अपने में समाहित कर लेता है। पारदर्शिता व समावेशन का इससे बेहतर उदाहरण और क्या होगा। यह युवा पीढ़ी को सिखाता है कि बिना किसी भेदभाव के हर जाति, धर्म, और विचार के व्यक्ति का सम्मान किया जाना चाहिए। जब आप सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग त्याग कर सकारात्मक प्रेरणास्पद कटेंट के माध्यम से सकारात्मकता फैलाते हैं, तो आप सफेद रंग का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। अब बात हरे रंग की। यह केवल हरियाली की नहीं, बल्कि सस्टेनेबिलिटी, सुरक्षित भविष्य और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की बात है। हरा रंग हमारी उर्वरता, प्रकृति और समृद्धि को दर्शाता है। आज जब धरती जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट से जूझ रही है, तब यह रंग नई पीढ़ी के लिए एक मिशन बन जाता है। गर्व की बात है कि आज की युवा पीढ़ी 'इको वॉरियर' के रूप में पर्यावरण को लेकर सजग है। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को नकारना, अधिक से अधिक पौधे लगाना, उद्योगों के साथ-साथ सामान्य दिनचर्या में भी अधिक से अधिक 'ग्रीन टेक्नोलॉजी' का इस्तेमाल करना और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल अपनाना, यही तो है हरे रंग का संदेश। जब हमारे युवा अपनी स्किल और मेहनत से पर्यावरण अनुकूल विकास मॉडल से जुड़ते हैं तो वे हमारी आर्थिक समृद्धि की हरियाली को सींच रहे होते हैं। तिरंगे के मध्य 24 तीलियों वाले अशोक चक्र का उल्लेख किए बिना यह लेख अधूरा होगा। यह चक्र समय का प्रतीक है। यह नई पीढ़ी को याद दिलाता है कि रुकना मना है। समय के साथ बदलना, नई तकनीकों को सीखना और सतत विकास की राह पर लगातार आगे बढ़ते रहना ही वास्तविक जीवन है। तिरंगा सिर्फ राष्ट्रध्वज नहीं, आपकी पहचान है! नई पीढ़ी अपनी अधिकांश जानकारी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म से लेती है। और, साइबर स्पेस में ऐसे लोगों की कमी नहीं, जो नकारात्मक व भ्रामक कंटेंट के माध्यम से युवा पीढ़ी को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। ये लोग सिर्फ इसलिए कामयाब हो जाते हैं, क्योंकि युवा पीढ़ी खासतौर पर जेन-जी फोमो फैक्टर (फीयर ऑफ मिसिंग आउट) के चलते उन्हें फॉलो करने लगती है। जाहिर है कि इस दौरान फैक्ट चेक जैसे टूल्स का इस्तेमाल न किया जाना गलत सूचनाएं फैलाने वालों के हक में जाता है। नई पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि देशभक्ति सिर्फ सरहद पर बंदूक उठाने का नाम नहीं। पूरी दृढ़ता के साथ गलत को गलत कहना और समाज में भ्रामक जानकारियां फैलाने वालों को बेनकाब करना भी देशसेवा से कम नहीं। यह आपका देश है, आने वाले समय में इसकी तस्वीर कैसी होगी, यह आपको ही तय करना है। जब आप जोखिम उठाकर कुछ नया रचते हैं, तो आप केसरिया हैं।

# वंदे मातरम् के संगीत का इतिहास

**भारतीय गणतंत्र की स्थापना के लिए 26 जनवरी, 1950 की तिथि निर्धारित की गयी थी। राष्ट्रपति के निर्वाचन के पहले राष्ट्रगान का चयन होना था। 'वंदे मातरम्' के संबंध में यह आपत्ति उठाई गई थी कि 'जन-गण-मन' के मुकाबले वह बैंड संगीत के लिए उपयुक्त नहीं था। राष्ट्रगान की धुन के संबंध में यह महसूस किया गया है कि उसमें शब्दों से ज्यादा धुन का महत्व होता है, और इस धुन को न केवल भारतीय संगीत की खूबी का प्रतिनिधित्व करना चाहिए बल्कि कुछ हद तक पश्चिमी संगीत के लिए भी सुविधाजनक होना चाहिए जिससे उसे आर्केस्ट्रा तथा बैंड पर विदेशों में भी आसानी से प्रस्तुत किया जा सके।**

आज देश जब वंदेमातरम् की 150वी जयंती मना रहा है, युवा पीढ़ी को वंदेमातरम् के संगीत में जानकारी होना चाहिए। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के संगीत का दिलचस्प इतिहास है। 'वंदे मातरम्' को संगीतबद्ध करना संगीतकारों के लिए गर्व की बात तो थी ही, लेकिन यह राष्ट्र धर्म का एक अत्यंत चुनौतिपूर्ण कार्य भी था। संस्कृतनिष्ठ शब्दों की लयकारी करना और उसे सामूहिक गान के लिए उपयुक्त बनाना विलक्षण सांगीतिक प्रतिभा के सामर्थ्य की ही बात थी। इस गीत को भारतीय शास्त्रीय संगीत के मनीषियों ने अपनी प्रतिभा के पुष्प अर्पित किये हैं।

'वंदे मातरम्' की पहली धुन रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बनाई और राष्ट्रीय कांग्रेस के बारहवें अधिवेशन में स्वयं प्रस्तुत की। 1904 ईसवी में रवीन्द्रनाथ टैगोर की आवाज में 'वंदे मातरम्' का पहला ग्रामोफोन रेकार्ड बाजार में आया। इस बीच स्वतंत्रता संग्राम का आंदोलन तेज हो गया था। फ्रांस की रिकॉर्ड कंपनी 'पाथे' ने इसे प्रकाशित किया। यह एक पैंटोग्राफ जैसा रिकॉर्ड था। 1901 ईसवी में दक्षिणराजन सेन ने स्वयं का संगीतबद्ध 'वंदे मातरम्' गाया। इसको संगीतबद्ध करने में सबसे प्रमुख नाम पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर का है जिन्होंने लाहौर से इसकी सार्वजनिक प्रस्तुति शुरू की और देश भक्तों के बीच विभिन्न स्थानों पर गाते रहे। उनके संगीतबद्ध किये हुए 'वंदे मातरम्' की विशेषता यह थी कि उन्होंने इसकी मूल प्रेरणा और शब्दों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संगीत दिया।

एक अन्य संगीतकार दिलीप कुमार राय ने 'वंदे मातरम्' की नई संगीत रचना तैयार की और उसे महात्मा गांधी की उपस्थिति में 29 अगस्त 1927 को प्रस्तुत किया। गांधी जी ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। उनके दो रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। उन्होंने अपनी आवाज में जो 'वंदे मातरम्' गाया वह असम की लोक गीत शैली में है। दूसरा रिकॉर्ड कर्नाटक संगीतकार स्वर्गीय एम.एस. सुब्बलक्ष्मी के साथ गाया था। यह संगीत रचना राग बिलावल और राग बागेश्री का समन्वय है। 'वंदे मातरम्' के संगीत से जुड़ा एक अन्य नाम मास्टर कृष्णराव का है। उन्होंने अकेले ही इसकी प्रस्तुतियाँ देना शुरू की थीं और इसको राष्ट्रगीत का दर्जा दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहे। पूना में जन्में मास्टर कृष्णराव एक गायक अभिनेता थे। उन्होंने राग झिंझौटी में 'वंदे मातरम्' तैयार किया जो सार्वजनिक गायन के लिए उपयोगी था। पण्डित पलुस्कर ने 'वंदे मातरम्' को राग काफी में प्रस्तुत किया। इसी राग में निबद्ध पं. ओंकारनाथ ठाकुर का गाया 'वंदे मातरम्' खूब सराहा गया। उन्होंने संपूर्ण गीत गाया। बाद में जब 1947 में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस की सुबह आकाशवाणी पर 'वंदे मातरम्' गाने के लिए आमंत्रित किया तो ओंकारनाथ ठाकुर ने सावधान की मुद्रा में पूरा 'वंदे मातरम्' गाया। 1935 से 1952 ईसवी के बीच कई विख्यात संगीतकारों ने 'वंदे मातरम्' को संगीत दिया। उनमें से प्रमुख मराठी रंगमंच के अभिनेता केशव राव भोले, विष्णुपंत फगणीस, वी.डी. अभ्यंकर, मास्टर कृष्णराव और दिलीप कुमार राय प्रमुख हैं। विष्णुपंत फगणीस ने 'वंदे मातरम्' को राग सारंग में प्रस्तुत किया। उस सभा में गोविंद वल्लभ पंत, डॉ. पट्टाभि सीतारमैया, दादा धर्माधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद मोगूबाई कुर्डीकर ने राग मिश्र खंबावती में इसे गाया। बाद के समय में तिमिरबरन भट्टाचार्य ने राग दुर्गा में 'वंदे मातरम्'की संगीत रचना की जो ब्रिटिश बैंड पर भी बजाया गया। राग दुर्गा की धुन मार्च पास्ट में बजने वाले गीत की तरह है। राग दुर्गा की धुन को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सिंगापुर रेडियो से प्रसारित करवाया जब उन्होंने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की थी। 'वंदे मातरम्' की एक लोकप्रिय धुन हेमन्त कुमार ने बनाई। इसके संगीत से जुड़े प्रसंगों को मास्टर कृष्ण राव ने विभिन्न अवसरों पर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नेताओं के समक्ष रखा। वे एक नई लोकप्रिय धुन एआर रहमान से बनाई है। उन्होंने 17 जनवरी 1950 को एक पत्रकार वार्ता में 'वंदे मातरम्' की तीन संगीत रचनाएँ भी प्रस्तुत की थी। हमारे समय के संगीतकार भी 'वन्दे मातरम्' की नयी-नयी धुनें बना रहे हैं।

देश के स्वतंत्रता आंदोलन से जन-जन को जोड़ने में 'वंदे मातरम्' की विशेष भूमिका थी। लोगों में देशप्रेम और आजादी पाने की अभिलाषा बढ़ाने वाली इस रचना का ही प्रभाव था जब भारत के कोने-कोने से अंग्रेजों को वापिस अपने देश जाने के लिए आवाजें तेज होती गई। इस गीत ने नागरिकों के स्वाभिमान को जगाकर संगठित रूप से राष्ट्र के सम्मान को कायम रखने के लिए जुनून पैदा किया।

भारतीय गणतंत्र की स्थापना के लिए 26 जनवरी, 1950 की तिथि निर्धारित की गयी थी। राष्ट्रपति के निर्वाचन के पहले राष्ट्रगान का चयन होना था। 'वंदे मातरम्' के संबंध में यह आपत्ति उठाई गई थी कि 'जन-गण-मन' के मुकाबले वह बैंड संगीत के लिए उपयुक्त नहीं था।

राष्ट्रगान की धुन के संबंध में यह महसूस किया गया है कि उसमें शब्दों से ज्यादा धुन का महत्व होता है, और इस धुन को न केवल भारतीय संगीत की खूबी का प्रतिनिधित्व करना चाहिए बल्कि कुछ हद तक पश्चिमी संगीत के लिए भी सुविधाजनक होना चाहिए जिससे उसे आर्केस्ट्रा तथा बैंड पर विदेशों में भी आसानी से प्रस्तुत किया जा सके। पुराना अनुभव बताता है कि 'जन गण मन' की धुन ने विदेशों में ज्यादा प्रशंसा पायी है तथा उसे पसंद किया गया है। 'वंदे मातरम्' उसके प्रति महान आकर्षण तथा उसको ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद विदेशों में आर्केस्ट्रा पर बजाने में ज्यादा सुविधाजनक नहीं है। इस कारण 'वंदे मातरम्' भारत का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रगीत रहेगा तथा राष्ट्रगान की धुन जन-गण-मन की रहेगी और 'जन-गण-मन' के शब्दों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाएगा।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया जो इस विषय पर अंतिम निर्णय माना जाता है :-

'जन-गण-मन' गीत तथा उसका संगीत भारत का राष्ट्रगान है। भारत की स्वतंत्रता के संग्राम में ऐतिहासिक योगदान देने वाले गीत 'वंदे मातरम्' को 'जन-गण-मन' के बराबर सम्मान रहेगा और उसे बराबरी का दर्जा प्राप्त रहेगा।

**शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत** - संसद तथा विधानसभा में 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाता है। इसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जाय। कार्यालयों में 'वंदे मातरम्' के पहले दो छंद ही गाये जायेंगे। इसकी शुरूआत पहले मंत्रालय तथा जिलाध्यक्ष कार्यालयों से हो गई है। 'वंदे मातरम्' के गरिमापूर्ण गायन को सुनिश्चित करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जायेंगे।

शासकीय कार्यालयों में 'वंदेमातरम्' के गायन का उद्देश्य शासकीय कर्मियों में राष्ट्रभक्ति तथा राष्ट्र सेवा की भावना जगाना है। इससे अनुशासन भी आएगा और शासकीय कर्मियों को समय पर कार्यालय पहुँचने की प्रेरणा भी मिलेगी। (साभार मध्यप्रदेश संदेश)

# 77वें वन महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों ने किया पौधारोपण







**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर, मेदिनीनगर में शुक्रवार को 77वें वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर, विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद श्री विष्णु दयाल राम एवं डालटनगंज-भंडरिया विधायक श्री आलोक कुमार चौरसिया सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।उद्घाटन के पश्चात अतिथियों एवं उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।वन महोत्सव के माध्यम से आमजनों को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के पदाधिकारी, विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार,मेदिनीनगर नगर आयुक्त रंजीत लाल,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## राशि मांगने की शिकायत पर संचालक के साथ इकरारनामा निरस्त

**मेदिनीनगर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ममता वाहन सेवा के माध्यम से लाभार्थियों को निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रावधान के बावजूद राशि की मांग किए जाने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। उपेन्द्र कुमार ठाकुर द्वारा समर्पित आवेदन में बताया गया कि उनकी पत्नी श्रीमती बुलबुल ठाकुर को सदर अस्पताल, पलामू में ऑपरेशन से बच्चा होने के उपरांत घर जाने के लिए ममता वाहन उपलब्ध कराने हेतु कॉल सेंटर में अनुरोध किया गया था। आवेदन के अनुसार, कॉल सेंटर ऑपरेटर सतीश कुमार द्वारा मरीज को घर पहुंचाने के लिए 2,000 जमा करने की बात कही गई तथा राशि लेने के लिए ममता वाहन संख्या खल03ऋ1235 के संचालक-सह-चालक श्री विशाल कुमार को मुस्तैद किया गया। शिकायत के अनुसार, इसके बाद श्री विशाल कुमार द्वारा शिकायतकर्ता से उनके मोबाइल नंबर पर बातचीत की गई तथा 1,700 जमा करने की बात कही गई। इस संबंध में बातचीत की ऑडियो क्लिप भी उपलब्ध कराई गई है। ममता वाहन सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क सेवा प्रदान की जाती है। निःशुल्क सेवा के एवज में राशि की मांग करना योजना के उद्देश्य एवं निर्धारित प्रावधानों के विपरीत है तथा सरकारी जनकल्याणकारी कार्यक्रम की छवि को प्रभावित करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ममता वाहन संख्या खल03ऋ1235 के संचालक-सह-चालक श्री विशाल कुमार के साथ किया गया इकरारनामा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर को निर्देश दिया गया है कि उक्त वाहन के संचालक को काली सूची में डालने की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर आवश्यक अनुमोदन सुनिश्चित करें।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**पीएम के आह्वान पर आज 'हर घर तिरंगा अभियान' जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बन चुका है : नित्यानंद राय**



**समस्तीपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के नेतृत्व में आज उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहिउद्दीननगर विधानसभा से मोरवा विधानसभा क्षेत्र तक भव्य व ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

हाथों में तिरंगा लेकर हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल पर सवार कार्यकर्ता युवा एवं राष्ट्रप्रेमियों ने इस भव्य यात्रा में भाग लिया। जहां भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' जनभागीदारी का एक सशक्त अभियान बन चुका है। यह अभियान राष्ट्र भक्ति,एकता और अखंडता की भावना को जन जन तक पहुंचा रहा है। तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रगौरव की भावना से देश का हर वर्ग उत्साहपूर्वक जुड़ रहा है । तिरंगा सिर्फ तीन रंगों का ध्वज नहीं हम भारतीयों का धड़कन,आन - बान -शान, स्वाभिमान और बीरों के बलिदान की अमर स्मृति है । उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लें। आज के इस तिरंगा यात्रा में पार्टी के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, समस्तीपुर पश्चिमी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा , मोहिउद्दीन नगर के विधायक राजेश सिंह, रोसड़ा के विधायक विरेन्द्र सिंह,विधान पार्षद तरूण सिंह एवं हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे ।

## शराबी पति के खिलाफ थाने में दिया आवेदन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब के नशे में धुत पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट और घर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मसौढ़ी थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अबूपुर,कराय परशुराय नालंदा निवासी सुलेखा देवी ने आवेदन में बताया कि वह पति रंजीत रविदास के साथ कुम्हरटोली, मसौढ़ी में किराये के मकान में रहकर मजदूरी करती है। उनका आरोप है कि पति रोजाना शराब पीकर घर आता है और गाली-गलौज के साथ मारपीट करता है।

विरोध करने पर घर में रखे सामान तोड़ देता है। पीड़िता के अनुसार 11.08.2026 की रात करीब 10:00 बजे रंजीत शराब के नशे में घर आया और गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने विरोध किया तो पति ने उनके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पलामू, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जुलाई 2026 तक जिले में संस्थागत प्रसव का प्रदर्शन 95 प्रतिशत रहा। नियमित टीकाकरण के तहत पूर्ण टीकाकरण का कवरेज 94 प्रतिशत दर्ज किया गया। वहीं गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण में भी जिले की उपलब्धि लक्ष्य के मुकाबले बेहतर रही। बैठक में कुपोषित बच्चों के उपचार, आरबीएसके के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग, टीबी जांच एवं उपचार, मलेरिया नियंत्रण तथा शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई। जुलाई में जिले में टीबी के लिए 6,999 लोगों की जांच की गई, जो निर्धारित लक्ष्य का 108 प्रतिशत है। वहीं आरबीएसके के तहत 32,801 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अलावा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिले में हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री तथा हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री में 100 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। जिले में 47 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एनक्यूएएस से प्रमाणित हैं।

उपायुक्त शेखावत ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शेष लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर उपायुक्त ने दी जिलेवासियों को शुभकामनाएं



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिलेवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव के साथ आत्ममंथन का भी अवसर है।

यह दिन स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और अमर शहीदों के त्याग संघर्ष एवं बलिदान को याद करने तथा संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत करने की प्रेरणा देता है उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन सुशासन पारदर्शिता जनकल्याण और जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रशासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है उन्होंने जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस पर सामाजिक सौहार्द स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण शिक्षा विकास और जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान दिया जा सकता है उपायुक्त ने राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हुए गिरिडीह के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम हजारीबाग में संपन्न

**पंडित नेहरू को सिर्फ प्रधानमंत्री बनाने के लिए कांग्रेसियों ने देश का विभाजन करवाया : राकेश प्रसाद**




**हजारीबाग, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर, भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग -जिला इकाई द्वारा शहर स्थित जैन धर्मशाला में, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा की गई ।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्री राकेश प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष व श्री मनीष जायसवाल ,सांसद, हजारीबाग लोकसभा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माननीय अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जी द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस विषय पर विषय प्रवेश करवाते हुए, उपस्थित सभी माननीय अतिथियों का अपने मुखारविंद से स्वागत किया। मंचासिल माननीय अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन 1947 में ,भारत के बंटवारे के समय जान गंवाने वाले लोगों और अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापित होने वाले, लाखों भाई- बहनों के संघर्ष और बलिदान की याद में मनाया जाता है ।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त 2021 को इस दिन को ,विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। तब से प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को भाजपा द्वारा घटित घटनाओं का चित्र प्रदर्शनी लगाकर इस कार्यक्रम को मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है की सामाजिक सद्भाव, एकता और देश की अखंडता को बनाए रखना कितना जरूरी है। यह दिन याद दिलाता है ,की विभाजन से लगभग लगभग दो करोड़ लोगों को शरणार्थी बनना पड़ा था। सीमा पर दोनों ओर से भयंकर सांप्रदायिक दंगे भड़के जिसमें लगभग 10 लाख लोगों की जान चली गई थी ।

इस तरह विभाज विभीषिका स्मृति दिवस हर साल 14 अगस्त को 1947 में भारत बंटवारे के समय जान गवाने वाले लोगों की याद में श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है। साथ ही आने वाली वीडियो को विभाजन की त्रासदी से अवगत कराया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरीश श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य,अशोक यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य, शिवलाल महतो प्रदेश कार्य समिति सदस्य, शेफाली गुप्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य,कार्यक्रम के प्रमंडलीय संयोजक सुदेश चंद्रवंशी,जिला पदाधिकारी उपेंद्र सिंह, मंजू नंदिनी, इंद्र नारायण कुशवाहा, महेंद्र राम बिहारी,राजकरण पांडे, सैयद तनवीर अहमद, रमेश हेंब्रम,मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा,प्रकाश कुशवाहा, विमल गुप्ता,शिवपाल यादव,अजीत कुशवाहा, शिव प्रजापति,मनमीत अकेला, अरुण वर्मा, भोला भगत,अजय साव, किशोर कुमार राणा, वीरेंद्र कुमार वीरू, दीपू यादव, नारायण शाह,विनोद जैन, सरदार सत्यपाल सिंह, रामाशंकर प्रसाद, शशिकांत शर्मा, सुरेंद्र सिंह, श्रेष्ठ उपाध्याय, मीरा मेहता, सुमन सिंहा,खेमलाल महतो, अविनाश कसेरा ,रामप्रवेश ठाकुर, प्रियंवदा राज ,मनोज जैन, तरुण कसेरा ,मनीष ठाकुर, सहदेव सिंह आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

# खनिज संशोधन विधेयक वापस ले केंद्र सरकार नहीं तो होगा चरणबद्ध आंदोलन : सुदिव्य कुमार



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक-2026 के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। शुक्रवार को उत्सव उपवन गिरिडीह में आयोजित जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार जल्दबाजी में दोनों सदनों से विधेयक पारित कराकर झारखंड के हितों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है उन्होंने कहा कि यह विधेयक झारखंड और झारखंडियों के साथ अन्याय है।

खनिज संपदा पर राज्य के अधिकार और विकास से जुड़े विषयों पर इसका गंभीर असर पड़ेगा उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य में सामाजिक सुरक्षा शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है सुदिव्य कुमार ने कहा कि विधेयक वापस नहीं लिया गया तो झामुमो चरणबद्ध आंदोलन करेगा पहले चरण में गांव पंचायत प्रखंड और जिला स्तर तक घर-घर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा इसके बाद भी केंद्र सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक करते हुए आर्थिक नाकेबंदी तक का निर्णय लिया जा सकता है बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि 16 से 18 अगस्त तक प्रखंड से पंचायत स्तर तक जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के हितों की रक्षा के लिए इस कानून के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी जमुआ के पूर्व विधायक केदार हाजरा ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक नागरिक को खनिज संशोधन विधेयक के प्रावधानों को समझना चाहिए बैठक में आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई और जल्द ही चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करने की बात कही गई बैठक में जिला सचिव महालाल सोरेन महापौर प्रमिला मेहरा उप महापौर सुमित कुमार जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पु शाहनवाज अंसारी केंद्रीय कमेटी सदस्य बबली मरांडी बरकत अली प्रणव वर्मा दिलीप मंडल शत्रुघ्न मंडल नुनूराम किस्कू उर्फ टाइगर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा नगर अध्यक्ष राकेश कुमार रॉकी नगर सचिव सन्नी रैन मीडिया प्रभारी अभय सिंह सहित झामुमो के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 अगस्त को गिरिडीह में मुख्य समारोह, मंत्री सुदिव्य कुमार फहराएंगे तिरंगा

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को गिरिडीह के झंडा मैदान में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा सुबह 9 बजे आयोजित समारोह में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण का समय निर्धारित किया गया है समाहरणालय परिसर में सुबह 11 बजे नगर निगम में 10.30 बजे जिला परिषद कार्यालय में 10.30 बजे और पुलिस लाइन में 11.30 बजे ध्वजारोहण होगा सुबह निकलेगी प्रभात फेरी स्वतंत्रता दिवस की सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी इसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी प्रभात फेरी के माध्यम से राष्ट्रीय एकता देशभक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया जाएगा शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से 7 बजे तक नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा जिले के कलाकार एवं विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी देशभक्ति और संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां देंगे शराब भांग गांजा मांस-मछली की दुकानें रहेंगी बंद स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब, भांग गांजा, मांस-मछली की सभी दुकानें तथा कसाईखाने पूर्णतः बंद रहेंगे।

## 71 दिव्यांग बच्चों को मिली बैटरी चालित ट्राई साइकिल, आत्मनिर्भरता की राह हुई आसान



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांग बच्चों के सुगम आवागमन और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल की है नेता जी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय के 71 दिव्यांग बच्चों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को सुविधाएं उपलब्ध कराना केवल आवागमन आसान करने तक सीमित नहीं है बल्कि इससे उनके शिक्षा कौशल विकास आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन के अवसर भी बढ़ते हैं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्राथमिकता से पहुंचाया जाए बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिलने से बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा जिला प्रशासन की इस पहल से उन्हें विद्यालय आने जाने के साथ साथ शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ने में सहूलियत मिलेगी।

## हल्द्वानी प्रकरण के विरोध में कांग्रेस का सद्भावना मार्च

**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कथित रूप से गंगाजल से रैली स्थल के शुद्धिकरण किए जाने के विरोध में शुक्रवार को गिरिडीह जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सद्भावना मार्च निकाला गया जिला कांग्रेस कार्यालय से निकला मार्च बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास पहुंचा जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने सत्याग्रह किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि हल्द्वानी की घटना अत्यंत स्तब्धकारी और निंदनीय है।

# अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया, नए पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से नगर के शिव मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू एडवोकेट फोरम के प्रांत अध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री रविशंकर पांडेय उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू एडवोकेट फोरम के प्रांत अध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद ने अखंड भारत की अवधारणा और विभाजन के इतिहास पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभावना को मजबूत करना है इस अवसर पर संगठन में कई कार्यकताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद में संदीप कुमार को नगर मंत्री एवं गौतम को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल में कीर्ति अभिषेक को नगर उपाध्यक्ष आयुष कुमार को नगर मंत्री तथा आयुष चौरसिया को नगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई वहीं, ॐ श्री परिवार के नगर अध्यक्ष का दायित्व प्रेम कुमार मिश्रा को सौंपा गया मौके पर धनबाद विभाग अध्यक्ष रितेश पांडेय जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह जिला कार्याध्यक्ष विजयमल जिला मंत्री कुंदन केशरी महिला परिषद अध्यक्ष पूनम सिन्हा सदर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पंडित हिंदू हेल्पलाइन प्रमुख रामबाबू गुप्ता मजदूर परिषद प्रमुख अजय देव नगर मंत्री रोहन वर्मा ओजस्विनी की जिला उपाध्यक्ष

## संक्षिप्त समाचार

### एएन कॉलेज में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए ए. एन. कॉलेज, पटना के एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा 14 अगस्त 2026 को सुबह 9:30 बजे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कॉलेज के प्रशासनिक भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने तिरंगा यात्रा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे स्वाभिमान, एकता और अखंडता का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से हमें अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहिए।इस अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. सुजीत दुबे, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार, डॉ. शिरीन मसरूर , डॉ. अमृता चक्रवर्ती तथा प्रो. सीमा शर्मा, डॉ. वंदना, डॉ. मधु मंजरी, डॉ. संजीत लाल सहित महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर बाहर तक निकाली गई।



### बिहार विद्यापीठ में आज 10.15 बजे दिन में होगा ध्वजारोहण

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम पटना के प्रांगण में स्थित ऐतिहासिक झंडा चौक पर आज 10.15 बजे दिन में 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। विजय प्रकाश, अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ, से.नि.भा प्र से, इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे . सामूहिक राष्ट्रगीत एवम राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। राणा अवधेश, सचिव, बिहार विद्यापीठ की ओर से सभी लोगों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित किया गया है।

### जनता के दरबार में 51 आवेदनकर्ताओं की सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 51 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम शैलेन्द्र कुमार भारती के साथ एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




### तलवारबाज पुष्पांजलि कुमारी का 'साई' वाराणसी केंद्र के लिए चयन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित 'खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर' (तलवारबाजी), मोतिहारी, पूर्वी चंपारण की खिलाड़ी पुष्पांजलि कुमारी का चयन राष्ट्रीय उत्कृष्ट केंद्र, सिगरा, वाराणसी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। पुष्पांजलि कुमारी ने 22 से 24 जुलाई 2026 तक वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह सफलता हासिल की है। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण, आधुनिक खेल उपकरण, भोजन-आवासन तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुष्पांजलि कुमारी पिछले 3 वर्षों से खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, मोतिहारी में प्रशिक्षक (कोच) राजन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। उनकी इस स्वर्णिम उपलब्धि से खेल प्रेमी और स्थानीय खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। पुष्पांजलि कुमारी की इस शानदार सफलता पर जिला खेल पदाधिकारी, अंकित कुमार के साथ अरविंद पांडेय उच्च वर्गीय लिपिक, रमेश कुमार एवं खेलो इंडिया स्माल सेंटर के सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी।



### हर घर तिरंगा अभियान के तहत एकमा बाजार में निकाली तिरंगा रैली

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर स्थित मध्य विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय राजापुर के तत्वावधान में शुक्रवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में एकमा बाजार और पोषक क्षेत्र में निकली तिरंगा रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। विद्यालय परिसर से निकली रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आनंद सिंह, उपेन्द्र कुमार यादव, नगर उपाध्यक्ष रानू मांझी, संजीव सिंह, गाजी हसन, कुमार समरेश, चंदन कुमारी, माया शर्मा, रीता कुमारी, अफरोजी खातून एवं वर्षा गुप्ता के अलावा प्राथमिक विद्यालय राजापुर के लखन लाल प्रसाद, अंजना मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मध्य विद्यालय परिवार हंसराजपुर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता और अखंडता तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।





### हाजीपुर स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल द्वारा राजस्व संरक्षण एवं अनियमित यात्रा पर नियंत्रण हेतु दिघवारा-शाहपुर पटोरी रेलखंड में लाल गाड़ी के माध्यम से सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टिकट जांच कर्मचारियों की विशेष टीम द्वारा विभिन्न ट्रेनों एवं स्टेशनों पर व्यापक जांच की गई। इस कार्रवाई में कुल 169 बेटिकट/ अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे जुमार्ना एवं अतिरिक्त किराया वसूलते हुए रेलवे को कुल 1,05,830 (एक लाख पांच हजार आठ सौ तीस रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ। सोनपुर मंडल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रेल सेवा के संचालन में सहयोग प्रदान करें। बेटिकट यात्रा न केवल दंडनीय है, बल्कि यह रेलवे व्यवस्था एवं अन्य यात्रियों की सुविधा को भी प्रभावित करती है। सोनपुर मंडल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा यात्रियों में वैध टिकट के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।



# मुंशी सिंह महाविद्यालय में निकाली गई 'तिरंगा यात्रा'

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज महाविद्यालय परिसर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने नेतृत्व करते हुए विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती एवं एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह के साथ डॉ. अमित कुमार, डॉ. विदुषी दीक्षित, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. अवनीश कुमार मिश्र सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। यात्रा में बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की सामूहिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घरों एवं आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें और राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखें। एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं और ऐसे अभियानों के माध्यम से उनमें राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। वहीं एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कैडेटों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। तिरंगा यात्रा में एन.सी.सी. कैडेटों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।



## आदि कर्मयोगी योजना के तहत लालगंज प्रखण्ड में जनसुनवाई, मौके पर ही जनसमस्याओं का समाधान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुसूचित जनजाति समुदाय तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज दिनांक 13 अगस्त 2026 को लालगंज प्रखंड के युसुफपुर पंचायत स्थित पंचायत भवन में आदि कर्मयोगी योजना के अंतर्गत आदि सेवा केंद्र, खरवार टोला, युसुफपुर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में राशन कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र सहित अन्य जनकल्याणकारी सेवाओं से संबंधित मामले शामिल थे। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आवेदनों की जांच करते हुए कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया तथा पात्र लाभुकों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की गई। कार्यक्रम के दौरान खरवार टोला में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने हेतु श्री नीरज कुमार एवं श्री विक्रांत कुमार को स्वयंसेवक के रूप में चयनित किया गया। ये स्वयंसेवक समुदाय एवं प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने में सहयोग करेंगे तथा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनसुनवाई के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनने, उनका त्वरित समाधान करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र लाभुकों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देशन में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन एवं आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## एकमा में सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव, मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस



**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र की परसा दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या-3 स्थित कोईरी टोला के समीप शुक्रवार की सुबह सड़क किनारे एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही एकमा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल की जांच-पड़ताल कराई। एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। आवश्यक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया गया। मृतक की पहचान परसागढ़ उत्तरी पंचायत के गायत्री मोहल्ला निवासी संतोष पटेल (50) के रूप में हुई है। वह सियाराम पटेल के पुत्र थे। ग्रामीणों के अनुसार, शादी के कुछ वर्ष बाद उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। उनकी कोई संतान भी नहीं थी। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात संतोष पटेल किसी काम से घर से निकले थे। इसके बाद शुक्रवार की सुबह परसा दक्षिणी पंचायत में सड़क किनारे उनका शव मिलने की सूचना मिली। खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया आशंका है कि रात के अंधेरे में कच्चे रास्ते से घर लौटने के दौरान संतोष पटेल फिसलकर गहरे पानी में गिर गए होंगे, जिससे उनकी मौत हुई होगी। हालांकि पुलिस ने मौत के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का डीएम एवं एसपी ने लिया जायजा

### परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस 2026 के सफल एवं गरिमापूर्ण आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक, वैशाली शुभांक मिश्रा द्वारा गुरुवार को अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में परेड के पूर्वाभ्यास एवं तैयारियों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान सशस्त्र बल, बिहार सैन्य पुलिस, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स तथा स्काउट एवं गाइड दल के प्रतिभागियों द्वारा अनुशासित एवं जोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। निर्धारित मार्च-पास्ट के क्रम में विभिन्न टुकड़ियों द्वारा जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वाद्य यंत्र दल द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति की धुनों से स्टेडियम परिसर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया। जिला पदाधिकारी ने परेड में शामिल सभी टुकड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान कदमताल, अनुशासन, आपसी समन्वय एवं निर्धारित प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले की गरिमा एवं राष्ट्रीय गौरव से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। समारोह की तैयारियों में किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को साउंड सिस्टम, मंच व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, बैरिकेडिंग, सजावट एवं रंग-रोगन सहित सभी तकनीकी एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने परेड के दौरान अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी टुकड़ियों को कदमताल, मोड़ एवं सलामी की प्रक्रिया में और अधिक सटीकता एवं समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, समारोह के दिन भीड़ नियंत्रण, विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता एवं यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने पर बल दिया।



## पीएचईडी व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री से मिलकर पूर्व मुखिया ने उठाई जल निकासी की समस्या

**छपरा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के सारण जिले के मांझी प्रखंड की जैतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया जय प्रकाश सिंह ने पटना में पीएचईडी मंत्री संजय सिंह तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री मो. जमा खान से मुलाकात कर पंचायत की जल निकासी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मंत्रियों को बताया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पंचायत के किसानों को हर वर्ष भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कभी बाढ़ के कारण तैयार फसलें पानी में डूबकर नष्ट हो जाती हैं तो कभी सूखे की स्थिति में फसलें मुरझाकर बर्बाद हो जाती हैं। पूर्व मुखिया ने बताया कि जैतपुर गांव होकर करीब एक दर्जन गांवों का पानी गुजरता है, लेकिन निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से खेतों में लंबे समय तक जलजमाव बना रहता है। इससे खरीफ और रबी दोनों फसलें प्रभावित होती हैं तथा किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने के साथ अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान की भी मांग की। मंत्रियों ने पूर्व मुखिया की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई कराने और जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'सखी वार्ता' कार्यक्रम आयोजित

### किशोरियों को बाल विवाह एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति किया गया जागरूक

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, वैशाली द्वारा वैशाली प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'बाल विवाह मुक्त भारत' विषय पर 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को बाल विवाह की रोकथाम, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान किशोरियों के साथ संवाद करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसकी रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने, शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, 'बाल विवाह मुक्त भारत' के निर्माण में किशोरियों एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक, DHEW, वैशाली द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन-181, वन स्टॉप सेंटर एवं मिशन शक्ति सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। महिलाओं एवं किशोरियों को किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा संकट की स्थिति में महिला हेल्पलाइन-181 तथा बच्चों से संबंधित मामलों में चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर, वैशाली के केंद्र प्रशासन द्वारा बाल विवाह, लैंगिक असमानता, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा एवं दहेज उत्पीड़न जैसी सामाजिक कुरीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को इन कुप्रथाओं के उन्मूलन, महिलाओं के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि महिलाओं एवं किशोरियों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक भागीदारी को सुदृढ़ करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार द्वारा समय-समय पर विभिन्न जागरूकता, प्रशिक्षण एवं जनहित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में किशोरियों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता रही। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए माहवारी स्वच्छता, महिला सम्मान, बाल विवाह की रोकथाम एवं महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



## समाहरणालय परिसर में चार नवनिर्मित शौचालय भवनों का उद्घाटन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय हाजीपुर परिसर में आमजनों, कर्मियों एवं पदाधिकारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार अलग-अलग नवनिर्मित शौचालय भवनों का निर्माण कराया गया है। आम लोगों के लिए शौचालय परिसर का उद्घाटन आम लोगों द्वारा, कर्मियों के लिए शौचालय परिसर का उद्घाटन कर्मियों द्वारा एवं पदाधिकारियों के शौचालय परिसर का उद्घाटन पदाधिकारियों द्वारा किया गया। समाहरणालय परिसर के अंतर्गत निर्मित इन चार भवनों को उपयोग की आवश्यकता के अनुरूप अलग-अलग विकसित किया गया है। इनमें पुरुषों, महिलाओं तथा दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय भवन की व्यवस्था की गई है। इससे आम नागरिकों, कर्मियों एवं पदाधिकारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इससे समाहरणालय में विभिन्न प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों के लिए आने वाले आम नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूर-दराज के क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के सिलसिले में समाहरणालय आते हैं। नवनिर्मित शौचालय भवनों की सुविधा उपलब्ध होने से आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को अधिक सुविधा मिलेगी। साथ ही, समाहरणालय में कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए भी बेहतर एवं सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नवनिर्मित शौचालय भवनों की नियमित साफ-सफाई, स्वच्छता एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि इनका उपयोग करने वाले सभी लोगों को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो। समाहरणालय परिसर में यह पहल आम नागरिकों की सुविधा, स्वच्छता एवं समावेशी नागरिक सेवा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन की एक सकारात्मक पहल है।

## एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की कड़ी निगरानी, 1,302 शिकायतों का त्वरित निष्पादन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी की निर्बाध एवं सुव्यवस्थित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार वैशाली जिले में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से कुल 8,06,738 घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की आपूर्ति की जा रही है। जिले की गैस एजेंसियों के पास कुल 17,292 सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध था। इस अवधि में कुल 13,694 पूर्व बुकिंग के विरुद्ध 11,227 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। कुल 38,270 रिफिल बुकिंग डिलीवरी के लिए लंबित थीं। वहीं पिछले 60 दिनों के औसत के आधार पर जिले में प्रतिदिन 12,624 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की बुकिंग एवं डिलीवरी व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। निर्देश के अनुसार शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिनों बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को अंतिम डिलीवरी के 45 दिनों बाद अगले सिलेंडर की बुकिंग की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिले के वरीय गैस निरीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लगातार भौतिक जांच की जा रही है। जमाखोरी अथवा कालाबाजारी में संलिप्त पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। एलपीजी से संबंधित जमाखोरी एवं कालाबाजारी के मामलों में अब तक 03 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इनमें अनुमंडल हाजीपुर में 02 तथा महनार में 01 प्राथमिकी शामिल है। इसके अतिरिक्त दिनांक 12 अगस्त 2026 को कुल 07 गैस एजेंसियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। एलपीजी सिलेंडर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।




## सावन सखी : संस्कृति, मित्रता और पर्यावरण का उत्सव

### लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी ने परंपरा, मित्रता और पर्यावरण जागरूकता के साथ मनाया सावन मिलन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी द्वारा 'सावन सखी', एक रंगारंग और गरिमामय सावन मिलन महोत्सव का आयोजन होटल प्रेसिडेंट, पटना में बड़े उत्साह और विशिष्ट अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इस उत्सव में उत्सव, आनंद, मित्रता, परंपरा और पर्यावरण जागरूकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसने एक यादगार और आत्मीयता से भरी संध्या का निर्माण किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'मेमोरी ट्री' रहा, जिसमें सभी प्रतिभागियों को अपने भावपूर्ण संदेश और सुंदर यादें साझा करने का अवसर मिला। इस पहल ने संबंधों को संजोने और ऐसी यादें बनाने के महत्व को दशार्या, जो समय के साथ और भी गहरी होती जाती हैं। बिहार की मानसून से जुड़ी पारंपरिक लोक संगीत कजरी की मधुर प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष सांस्कृतिक रंग भर दिया। इस आयोजन ने क्लब की बिहार की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को भी उजागर किया। साथ ही प्रामाणिक बिहारी व्यंजनों के स्वाद ने सभी को राज्य की संस्कृति की जड़ों से और भी करीब जोड़ दिया। इस अवसर पर लायन रीता सिन्हा अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी, लायन मनीषा गुप्ता सचिव, लायन संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. आइसा खान एवं लायन नमिता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस समारोह में लायन वीणा गुप्ता, लायन अंजना सिंह, लायन रीना, लायन विधु रानी, लायन अमिता गुप्ता, लायन रेखा, लायन इर्ल्ला सिंह, लायन सीमा खन्ना, लायन रेखा कसेरा, लायन आशा सिंह, लायन रूचि सरदाना एवं लायन पूनम चौधरी सहित क्लब के अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्य सुंदर पारंपरिक सावन रंगों में सुसज्जित होकर संगीत, सांस्कृतिक गतिविधियों और मनोरंजक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरा वातावरण हंसी, संगीत, मित्रता और सावन की आनंदमयी भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर लायन रीता सिन्हा, अध्यक्ष, लायंस क्लब ऑफ पटना हार्मनी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सावन सखी एक अविस्मरणीय उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि क्लब आगे भी न केवल मित्रता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देगा, बल्कि





# क्या अल्लू अर्जुन की 'राका' का हिस्सा नहीं होंगे शाहरुख खान

हाल ही में सोशल मीडिया पर यह खबरें आईं कि अपकमिंग फिल्म 'राका' में शाहरुख खान कैमियो करेंगे। हालांकि, एक नई रिपोर्ट ने इन दावों को खारिज कर दिया है और कहा है कि बॉलीवुड सुपरस्टार इस प्रोजेक्ट से नहीं जुड़े हैं। अफवाहें थीं कि शाहरुख 'राका' में एक खास रोल में दिखेंगे।

### 'राका' का हिस्सा नहीं किंग

बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक ये खबरें गलत हैं। शाहरुख खान 'राका' का हिस्सा नहीं हैं और फिल्म में उनका कोई कैमियो नहीं है। भले ही एटली के साथ शाहरुख के रिश्ते उनकी फिल्म 'जवान' की बड़ी सफलता के बाद से मजबूत हुए हैं, लेकिन एक्टर को यह प्रोजेक्ट कभी ऑफर ही नहीं किया गया।

### अल्लू के साथ नहीं दिखेंगे शाहरुख

शाहरुख और अल्लू अर्जुन के फैंस इन दोनों एक्टर्स को स्क्रीन पर एक साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हालांकि, ऐसा लगता है कि अब ऐसा कुछ नहीं होने वाला है।

### क्या विदेश में शूट करने वाले थे शाहरुख?

पहले खबर आई थी कि टीम विदेश में शूटिंग के दौरान शाहरुख के खास रोल को शूट करने के बारे में सोच रही थी। मगर अब पता चल रहा है कि ऐसा बिल्कुल नहीं है।

### फिल्म की स्टारकास्ट

एटली के निर्देशन में बन रही यह फिल्म बहुत बड़े पैमाने पर तैयार की जा रही है। यह एक साइंस-फिक्शन एंटरटेनर फिल्म है। उम्मीद है कि फिल्म में अल्लू अर्जुन कई रोल में दिखेंगे, जबकि दीपिका पादुकोण फीमेल लीड रोल में होंगी। खबरों से यह भी पता चलता है कि मृणाल ठाकुर, जाह्नवी कपूर, रश्मिका मंदाना, राम्या कृष्णन, योगी बाबू और जिम सरभ को अहम रोल के लिए कास्ट किया गया है।

### दीपिका के शूट पर फोकस

बताया जाता है कि एटली दीपिका के हिस्से की शूटिंग पूरी करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि वह अगले महीने मैटरनिटी ब्रेक पर जा रही हैं। उम्मीद है कि इस फिल्म की शूटिंग साल के आखिर तक पूरी हो जाएगी। इसे 2027 के आखिर में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है।



## शादी को लेकर बोलीं हुमा कुरैशी

# शादी जब होनी होगी...

'गैंग्स ऑफ वासेपुर' और 'महारानी' फेम एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने शादी को लेकर खुलकर अपनी राय रखी है। जानिए एक्ट्रेस कब करने वाली हैं शादी।

इंटरव्यू में हुमा कुरैशी ने शादी को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने हंसते हुए कहा कि शादी के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'आप और मेरी मम्मी दोनों एक ही सवाल पूछते हैं। मेरे पास अभी इसका कोई जवाब नहीं है कि शादी कब होगी। शादी जब होनी होगी तब हो जाएगी। फिलहाल मेरे पास बहुत काम है। ये साल मेरे लिए काफी व्यस्त है और अभी मैं सिर्फ अपने काम पर ध्यान दे रही हूं।'

### कियारा का किया था समर्थन

बता दें कि हुमा अपने बेबाक जवाबों के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में फिल्म 'टॉक्सिक' में इंटिमेट सीन करने के लिए ट्रोल हो रहीं कियारा को लेकर भी हुमा ने अपनी बात रखी थी। युवा के शो 'बी ए मैन यार' में बातचीत के दौरान निखिल तनेजा ने यह मुद्दा उठाया कि कियारा को यश से ज्यादा ट्रोल किया जा रहा है। इस पर हुमा ने कहा, 'ये बहुत बीमार है, घिनौना है। लेकिन मुझे लगता है कि इस फिल्म की महिलाएं आखिर में हंसेंगी। हर चीज को डिफेंड करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आप शब्दों से लोगों की सोच नहीं बदल सकते। मैं चाहूंगी कि फिल्म ही इसका जवाब दे।'

### इस फिल्म में नजर आएंगी हुमा

बता दें कि हुमा आने वाले समय में फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है और यह 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया और हुमा कुरेशी जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। इससे पहले हुमा 'बेबी डू डाई डू' में नजर आई थीं।



# मेरी सफलता का श्रेय पति करण को जाता है, हर कदम पर दिया साथ

टेलीविजन इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री सुरभि चंदना पति के साथ पिछले कई समय से शादी के बंधन में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि करियर के हर पड़ाव पर पति उनके लिए बड़ा सपोर्ट बनकर सामने आए। साथ ही, जरूरत बनने पर परिवार के खास मौकों का भी त्याग किया। अभिनेत्री ने बताया कि दोनों 21 साल की उम्र से एक-दूसरे के साथ हैं। अब हम दोनों 36 साल के हो गए हैं। हमने साथ में सब कुछ देखा है। असल में हम साथ-साथ में ही बड़े हुए हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि इन वर्षों में दोनों ने एक-दूसरे की पर्सनल और प्रोफेशनल कामयाबियां देखी हैं। उन्होंने मुझे एमबीए करते हुए देखा, मैंने उन्हें लंदन में एमबीए करते हुए देखा। फिर मैं एक्ट्रेस बनी। उन्होंने मेरी पूरी एक्टिंग यात्रा को देखा है।'

सुरभि चंदना ने बताया कि कैसे पति करण उनके साथ ऑडिशन में साथ जाया करते थे और जब वह अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही होती थीं, तो वह सब्र के साथ उनका इंतजार करते थे। उन्होंने बताया, 'करण मुझे ऑडिशन में ले जाया करते थे। मैं लाइन में खड़ी रहती थी और वह कार में मेरा इंतजार किया करते थे। ऐसे में करण ने अपने परिवार के कई जरूरी सेलिब्रेशन तक छोड़े हैं, क्योंकि उनके लिए मेरा ऑडिशन ज्यादा जरूरी होता था।'

अभिनेत्री ने कहा, 'मेरी कामयाबी का श्रेय करण को जाता है। बेशक, मेरी मां भी मुझे ऑडिशन के लिए ले जाती थीं, लेकिन करण इस यात्रा के हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं। आज भी अगर हम कुछ बड़ा हासिल कर लेते हैं, तो हम साथ मिलकर उसे सेलिब्रेट करते हैं। यह हमेशा से छोटा सेलिब्रेशन होता है, कभी कोई बड़ी पार्टी नहीं होती। हां, हमें घूमना-फिरना पसंद है, लेकिन उससे भी ज्यादा हमें खाना पसंद है। इसलिए हम डेट नाइट प्लान करते हैं। कभी-कभी हम मॉस्को में सेलिब्रेट करते हैं, कभी मालदीव में, तो कभी मलेशिया में। हमने कड़ी मेहनत की है और पैसे कमाए हैं, इसलिए हम ऐसा कर सकते हैं।'



# क्या आरडी बर्मन की बायोपिक में नजर आएंगे इमरान हाशमी

आरडी बर्मन की बायोपिक को लेकर दर्शकों में उत्साह है। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर खूब अटकलें लग रही हैं। बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि अभिनेता इमरान हाशमी फिल्म से जुड़ गए हैं। वे पंचम दा के करीबी दोस्त और मशहूर एक्टर-सिंगर व कॉमेडियन महमूद की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मगर, इन खबरों का इमरान हाशमी ने खंडन कर दिया है।

### इमरान हाशमी ने क्या कहा

इमरान हाशमी ने बीती रात अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बायोपिक में काम नहीं कर रहे हैं। आरडी बर्मन की बायोपिक में महमदू की भूमिका निभाने संबधी खबरों को लेकर इमरान हाशमी ने लिखा है कि 'मैं साफ कर दूं कि एक बायोपिक में मेरे महमूद साहब की भूमिका निभाने की खबरें सच नहीं हैं'। 'न तो मुझे इस फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है और न ही मैं यह फिल्म कर रहा हूं'। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि आर.डी. बर्मन की बायोपिक में एक्टर इमरान हाशमी की एंट्री हो गई है। वे एक्टर, सिंगर और फिल्ममेकर महमूद का रोल निभाएंगे, जिनकी उस महान म्यूजिक कंपोजर के साथ गहरी दोस्ती और क्रिएटिव बॉन्ड था। मगर, इमरान हाशमी की प्रतिक्रिया के बाद साफ है कि इन खबरों में सच्चाई नहीं है।



# आउटसाइडर कहे जाने पर छलका काजल राघवानी का दर्द

भोजपुरी अभिनत्री काजल राघवानी भोजपुरी सिनेमा जगत का चर्चित नाम हैं। उन्होंने 80 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। फिलहाल वे रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने ऐसे लोगों को जवाब दिया है, जो उन पर आरोप लगाते हैं कि वे खुद को 'गुजराती' और 'आउटसाइडर' बताकर काम मांगती हैं।


काजल राघवानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया कि आखिर किसने उन्हें 'आउटसाइडर' कहा है? मगर, एक लंबा नोट लिखकर जवाब दिया है। उनका दर्द इस बात को लेकर छलका है कि कुछ लोग उन पर यह आरोप लगाते हैं कि वे आउटसाइडर होने का विक्टिम कार्ड प्ले करती हैं।

### मुझे लगता है कि मैं यहीं की हूं

साझा किए गए पोस्ट में काजल लिखती हैं, 'मैं गुजराती हूं। मैं बाहरी हूं। मैं रो-रोकर काम मांगती हूं या सहानुभूति ले रही हूं। दर्शकों से ये जितना मैंने नहीं बोला, उससे ज्यादा मुझे सुनाया गया या कुछ दिनों में महसूस करवाया गया उसके लिए बस इतना कहूंगी कि अगर मैंने कहीं बोला है तो ये कहा है ये मेरी कर्म भूमि है या मैं हमेशा प्रयास करूंगी इस इंडस्ट्री का या उन जनता का, जिसने मुझे इतना प्यार देकर यहां तक पहुंचाया। मुझे लगता है कि मैं यहीं की हूं। यहां हर चीज अपनी है'।

### मुझे सुनाना बंद करिए कि मैं गुजराती हूं

काजल राघवानी ने आगे लिखा है, '16 साल भोजपुरी इंडस्ट्री में काम करके एक बात कहूंगी कि अगर मैंने यहां की जनता या यहां की मिट्टी को यहां की धरती को या इंडस्ट्री को अपनाया नहीं होता, अपना नहीं माना होता तो इतने साल से इंडस्ट्री में हूं, वह रह ही नहीं पाती। ना कोई मुझे काम देता तो मुझे ये सुनाना बंद करिए कि मैं गुजराती हूं। आउटसाइडर का विक्टिम कार्ड प्ले कर रही हूं या सहानुभूति हासिल करके काम ले रही हूं। रो-रो कर वो भी। मैं तो नहीं मान रही, लेकिन मुझे ये अब महसूस जरूर करवाया जा रहा है, क्योंकि आप लोग यूपी बिहार से हैं।



# श्री कृष्ण से बड़ा कोई एक्टर हो नहीं सकता

इंडस्ट्री में तकरीबन दो दशक का समय बिता चुके रजनीश दुग्गल एक सुपर मॉडल भी रहे। बचपन में उन्होंने क्या किसी ने कल्पना नहीं की थी कि वे अभिनय के क्षेत्र में आएंगे। मगर पहले उनकी हाइट-बॉडी उन्हें मॉडलिंग जगत में लाई और फिर उनकी प्रतिभा ने उनके लिए अभिनय के दरवाजे खोले। 1920, डेंजरस इश्क, एक पहेली लीला, वजह तुम हो जैसी कई फिल्मों के अलावा वे टीवी पर खतरों के खिलाड़ी, आरंभ और संजोग में भी नजर आए थे। इन दिनों वे चर्चा में हैं ओटीटी की अपनी वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के सीजन 2 से। हाल ही में रजनीश एनबीटी के ऑफिस आए थे। एनबीटी के कार्यालय में हुई खास मुलाकात में उन्होंने सीरीज के अलावा कई मुद्दों पर बात की। मॉडलिंग और फैशन जगत से आए रजनीश की अभिनय यात्रा से तो लोग वाकिफ हैं, मगर बहुत कम लोग जानते हैं कि वे पक्के कृष्ण भक्त हैं। बकौल रजनीश, 'मैं दिल्ली से हूं। हमारे घर में हमेशा से शिवजी, माता रानी, श्रीराम और भगवान कृष्ण सहित सभी देवी-देवताओं की पूजा होती रही है। जब मैं करीब दस साल का था, तब मेरे पिता का वृंदावन आना-जाना शुरू हुआ। छोटी-सी कार में परिवार के साथ होने वाली ड्राइव्स धीरे-धीरे दिल्ली से वृंदावन तक पहुंच गईं। फिर जैसे बांके बिहारी जी और राधा रमण जी का ऐसा बुलावा आया कि पूरा परिवार कृष्ण भक्ति में रंग गया। हम रातों-रात शाकाहारी बन गए। आज हमारे घर में लहसुन-प्याज तक नहीं बनता, क्योंकि हर भोजन पहले ठाकुर जी को अर्पित किया जाता है। हालांकि मैं खाने-पीने की पसंद को पूरी तरह व्यक्तिगत मानता हूं और किसी को जज नहीं करता। मेरे माता-पिता तो वर्षों पहले वृंदावन में ही बस गए।'

### किरदार निभाने से कृष्ण समझ आए

उन्होंने आगे कहा, 'हम चाहते थे कि वे हमारे साथ रहें, लेकिन उनका मन वहीं रम गया। अब हमारा पूरा परिवार कृष्ण भक्ति से जुड़ चुका है। मुझे लगता है कि श्रीकृष्ण से बड़ा 'एक्टर' कोई नहीं हो सकता। वे छलिया भी हैं, रसिया भी, नायक भी हैं और जीवन के हर रंग को जीने वाले भी। गीता का सार यही है कि जीवन के लगभग हर प्रश्न का उत्तर उसमें कहीं न कहीं मिल जाता है। 2019 में मैंने 'श्रीमद् भागवत महापुराण' में श्रीकृष्ण की भूमिका निभाई थी। उस किरदार को जीते हुए मैं प्रेम, क्रोध और जीवन के कई अनुत्तरित प्रश्नों को नए नजरिए से समझ पाया। मुझे लगा कि श्रीकृष्ण केवल एक पात्र नहीं, बल्कि जीवन को समझने का एक मार्ग हैं।

### अपनी पत्नी के लिए करवा चौथ का व्रत रखता हूं

रजनीश दुग्गल की शादी को 21 साल हो गए हैं, मगर बीते सालों में उन्होंने अपनी पत्नी पल्लवी के साथ अपनी शादी को मजबूत बनाया है। शादी और काम के बीच के संतुलन के बारे में वे कहते हैं, 'हर किसी के लिए उसका काम और परिवार जरूरी होता है, मगर मेरे लिए मेरा परिवार प्राथमिकता है। मेरी फैमिली हमेशा काम से एक परसेंट ऊपर ही रही। यही वजह है कि मैंने कई ऐसी फिल्मों से किनारा किया, जहां मुझे लगा कि मेरा और मेरी पत्नी पल्लवी का रिश्ता खराब हो सकता था, क्योंकि मेरे लिए पल्ल्वी बहुत मायने रखती है। मुझे याद है मेरा पहला किसिंग सीन भी मैंने पल्ल्वी से डिस्कस करने के बाद ही किया था। मगर फिर मेरे पास उसी तरह के रोल्स आने लगे, तो मैंने मना करने शुरू किए।


वह रजनीश दुग्गल के मॉडलिंग करियर का सुनहरा दौर था। सुपरमॉडल के तौर पर उनकी जबरदस्त पहचान बन चुकी थी, तभी उन्होंने शादी का फैसला किया। इतने ग्लैमरस माहौल में रिश्ते को कैसे संभाला? इस सवाल पर रजनीश हंसते हुए एक दिलचस्प किस्सा सुनाते हैं। वे कहते हैं, 'मैं सिर्फ 24 साल का था, जब हमारी शादी हुई। हालांकि उससे पहले मैं और पल्लवी काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। एक बार बड़े फैशन वीक के बाद एक हाई-प्रोफाइल पार्टी थी, जहां तमाम नामी मॉडल्स और डिजाइनर्स मौजूद थे। बारिश की वजह से लॉन में पानी भर गया था। मेरे आसपास कई फीमेल मॉडल्स थीं और मुझे महसूस हो रहा था कि कुछ मेरा ध्यान खींचने की कोशिश कर रही हैं। तभी मैंने बिना कुछ सोचे पल्लवी को गोद में उठाया और पानी पार कराते हुए अंदर ले गया।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**उमेश कुमार**
आइएसएमपीएल
हजारीबाग (झारखंड)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**विवेकानंद सिंह**
जिला अध्यक्ष, भाजपा, हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**तपन दत्ता**
मुखिया
नावाडीह, धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**कुमार अमित**
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
भाजपा, झारखंड

**कार्यालय, जिला परिषद, बोकारो**
(शुभकामना संदेश)
15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) 2026 के शुभ अवसर पर अध्यक्ष/उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला परिषद, बोकारो परिवार की ओर से राज्य एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शताब्दी मजूमदार — मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
सुनिता देवी — अध्यक्ष




स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

**श्रवण कुमार**
अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
पलामू, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**समीर कुमार महतो**
प्रधानाचार्य
मदर टेरेसा अकेडमी
झिंझी पहाड़ी, कतरास बाजार, धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**मनसाराम मुर्मू**
प्रखंड सचिव
बाघमारा (धनबाद)
झारखंड मुक्ति मोर्चा

राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित
दामोदर घाटी निगम
चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक
शुभकामनाएँ ।
"हमसे है लाखों चेहरों पर मुस्कान"

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ
**DAFFODILS BACHPAN & ACADEMY**
ADMISSION IS GOING ON
NUR TO STD - IX (C.B.S.E)
TAPAS BANERJEE (PRINCIPAL)
-: हमारी कुशल व्यवस्थाएँ :-
(क) आधुनिक शिक्षण पद्धति।
(ख) अनुभवी, प्रशिक्षित और समर्पित शिक्षकों की टीम
(ग) सुरक्षित यातायात / गाड़ियों की व्यवस्था।
(घ) कम्प्यूटर एवं विज्ञान की आधुनिक लैब।
(ङ) बच्चों के लिए खेल मैदान एवं स्नेही शिक्षिकाओं की टीम।
(च) CCTV की निगरानी / देखरेख में कक्षा संचालित।
N.B:- For the first 100 admissions 50% discount of the total Admission fees.

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**माँ अम्बे हास्पिटल**
डॉ. अरबिन्द कुमार
जीटी रोड, जोड़ापोखर, बरवाअड्डा, धनबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**जीवन रेखा नर्सिंग होम**
डॉ. ज्ञान
कुसुम विहार, दून पब्लिक स्कूल के सामने

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**यशवंत कुमार सिन्हा**
अंचलाधिकारी
गोविन्दपुर (धनबाद)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

**विद्युत अधीक्षण अभियंता**
विद्युत आपूर्ति अंचल
धनबाद

**GGSESTC**
GURU GOBIND SINGH EDUCATIONAL SOCIETY'S TECHNICAL CAMPUS
COLLEGE OF ENGINEERING AND MANAGEMENT
Approved by AICTE, Ministry of Education, Govt. of India, New Delhi, Affiliated to Jharkhand University of Technology, Ranchi
B++ NAAC
NH-18, KANDRA (PURULIA ROAD) CHAS, BOKARO, JHARKHAND - 827013
A Fifth Generation Engineering & Management College with NAAC Accreditation
ADMISSION OPEN FOR 2026-27

**B.Tech.**
CSE, CSE (DS), CSE (CS)
Fashion Technology, ME, CE, EEE, ECE

**B.B.A. & B.C.A.**
For BBA, Passed 10+2 with Minimum 45% Marks for General & 40% for Reserved category in any discipline Science/Arts/Commerce

**M.B.A.**
Finance, Human Resources (HR) Marketing

**Diploma In Engineering**
EEE, ME, Civil (For Diploma 10th Complete from any branch)

Highest Package 14 LPA | UPTO 100% SCHOLARSHIP | ISO 9001:2015 EAT RIGHT CAMPUS CERTIFIED
SCHOLARSHIP (Merit Cum Means based) SAT-2026
ISTE Best Faculty Convention Award 2025
NO. 01 COLLEGE — ENGINEERING, MANAGEMENT, APPLICATION & FASHION IN JHARKHAND
- No Tuition Fees for E-kalyan eligible Students.
- Manki Munda Scholarship by Govt. of Jharkhand for Girls students of open category.
- Flexible time table for Working Professionals in B.Tech. & M.B.A. as a regular course.
- Excellent Placement Assistance.
- NIRF Ranking-MOUs with Industries

BUILD YOUR FUTURE WITH EXCELLENCE
NOTE : PLEASE REFER OUR WEBSITE FOR MORE DETAILS
www.ggsestc.ac.in | info@ggsestc.ac.in | Follow us:
06542-265293 | 7992284995 | 7992415822 | 9822732264

**सुधा**
मिल्क और मिल्क प्रोडक्ट्स
वादा शुद्धता का



दूध। दही। पनीर। मक्खन। घी। लस्सी। पेड़ा। सुधा स्पेशल
बोकारो डेयरी, फोन : 9234340999

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अर्जुन सिंह**
प्रदेश महामंत्री
भाजपा किसान मोर्चा
झारखंड

**Accounts Solution and Services**
A Complete Computerised Accounts & Software Solution
OUR ACCOUNTING SERVICES
- Computerised Accounting
- Expert Accounting Team
- Startup Support Services
- Corporate (ROC) Matters
- Accounting Software
- Accounting Consultancy
- Auditing Services
- Tally Sales, Service and Customisation
- Taxation Matters
- GST Registration
- GST Filing
- GST Compliance
- Income Tax Filing



**Findoor Wealth Advisory Pvt. Ltd**
Your Investment Doorway
OUR FINANCIAL SERVICES
Life Insurance | Health Insurance | General Insurance | Mutual Fund | Loan Services
OUR GROUP COMPANIES & INITIATIVES
Ans — Electrical Solutions — Complete electrical Solutions
Indi Ai — Business Process Automation — Business Process Automation
NIT — Seva Foundation — Helping the Needy

*With Best Compliments From*
Ln. Neelima Jaiswal
PMJF Ln. Sujeet Kumar
2nd Vice District Governor
District 322 A



9835322869 | 9334829659 | 0651-2281129
sujeetkumar150578@gmail.com | www.accountsolution.co.in
Mangal Murti Height, Shop No.107, First Floor Harmu Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Landmark- Vishal Megamart

जय हिन्द
वंदे मातरम्
80 वें
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं अनंत शुभकामनाएं!
देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवशाली और ऐतिहासिक अवसर पर,
पंजाब नेशनल बैंक (PNB),
मंडल कार्यालय बोकारो की ओर से
आप सभी को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं!
आपका शुभेच्छुक



**शरद सिंघल**
मंडल प्रमुख
पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
मंडल कार्यालय बोकारो

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ



**राकेश कुमार सिंह**
सहायक वन संरक्षक
धनबाद वन प्रमंडल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**रितुरंजन कुमार**
अवर निबंधक
बेरमो, तेनुघाट

# 15 अगस्त पर लाल किला जाने का है प्लान देख लें प्रतिबंधित सामान की लिस्ट, वरना गेट से ही लौटना पड़ेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस 2026) पर दिल्ली में स्थित लाल किला जाने का प्लान बना रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप 15 अगस्त को लाल किला परिसर में क्या-क्या चीजें नहीं लेकर जा सकते हैं दिल्ली पुलिस ने लोगों की सुविधा के लिए पहले ही सूचित कर दिया है। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि आपको 15 अगस्त को लाल किला में क्या-क्या चीजें लेकर नहीं आनी हैं जैसे कि कैमरा, दूरबीन, हथौड़े, ड्रिल, आरी, तलवार, कटार, पेंचकस, मोबाइल चार्जर, इयरफोन, पावर बैंक, बैटरी आदि चीजें लेकर नहीं आनी हैं।



बता दें कि अगर आप प्रतिबंधित चीजें लेकर लाल किला जाते हैं तो आपको असुविधा हो सकती है। ऐसे में आपको प्रवेश भी नहीं दिया जाएगा। फिर आपको वापस लौटना पड़ सकता है। वहीं, राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त को लेकर हाई सिक्योरिटी है और दिल्ली पुलिस व एजेंसियों की चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर है। वहीं, लाल किले के आसपास भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खाने-पीने की चीजें, केचप, सॉस थैला, ब्रीफकेस, रिमोट नियंत्रित कार लॉक चाबियां रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, पेजर कैमरा, दूरबीन, हैण्डीकैम थर्मस, पानी की बोतल, कैन, छाता पटाखे, बारूद, फ्लेयर्स, सी भी प्रकार के विस्फोटक डिजिटल डायरियाँ, पाम-टॉप कंप्यूटर, लैपटॉप, डीवीडी/सीडी प्लेयर, डीवीडी / सीडी, आईपैड, आईपोड, टैबलेट, पेनड्राइव सिगरेट, बीड़ी, लाईटर ज्वलनशील पदार्थ, माचिस, शराब, एरोसोल, जेल/पेस्ट, इत्र, स्प्रे इत्यादि हथौड़े, ड्रिल, आरी, तलवार, कटार, पेंचकस मोबाइल चार्जर, इयरफोन, पावर बैंक, बैटरी रेजर, ब्लेड, चाकू, कैंची, तार, नुकीला हथियार गोला-बारूद, आग्नेयास्त्र, खिलौना बंदूकें निष्क्रिय करने वाले रसायन और अन्य खतरनाक वस्तुएं।

# आजादी के साथ मिला बंटवारे का जख्म, दिल्ली का यह संग्रहालय सुनाता है लाखों लोगों के दर्द की कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15 अगस्त 1947 को देश को गुलामी से मुक्ति तो मिली, पर कभी न भर पाने वाले बंटवारे का जख्म साथ ले आया। 80 वर्ष पूर्व का वह भयावह दौर सिर्फ कागजों या जमीनों पर सरहदों का बंटवारा नहीं था, बल्कि लाखों इंसानों के दिलों, सपनों और जड़ों के बिखर जाने की एक खौफनाक दास्तान थी।

रातों-रात अपने पुरखों की जमीन छोड़कर बेघर हुए लाखों लोगों के उस अनकहे दर्द और उसके बाद के संघर्ष कश्मीरी गेट स्थित आंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर स्थित दाराशिकोह लाइब्रेरी में स्थापित विभाजन संग्रहालय में जीवंत है। सूख चुके आंसू, फिसली हुई यादें, कुछ अधजले फोटो और फटे पत्र। %द आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज% द्वारा संचालित यह देश का ऐसा दूसरा संग्रहालय है, जो 1947 की त्रासदी और बंटवारे बाद आए शरणार्थियों की पीड़ा को बयां करता है।

सात अलग- अलग गैलरी में सिमटे इस संग्रहालय में रखी हर वस्तु किसी न किसी परिवार की टीस और उम्मीद को बयां कर रही है। उसमें लाहौर से पलायन कर दिल्ली पहुंची सविता बत्रा के परिवार की वह %सितार%, जिसे कनाट प्लेस के मशहूर वाद्य-निर्माता रिखी राम ने बनाया था।




इसी तरह लाहौर में प्रियंका मेहता की नानी के पुराने घर का %बिजली मीटर% जिसे पाकिस्तान के इफ्तिखार परिवार ने इस उम्मीद में दशकों तक सहेज कर रखा था कि सीमा पार से कभी कोई अपना इसे वापस लेने आएगा। पेशावर की जमीन में दफनाई चांदी की सिल्लियों को वापस निकालने के लिए 1955 के संयुक्त भारत-पाकिस्तान पासपोर्ट पर लाहौर-पेशावर लौटे हनुमंत सिंह होरा की दास्तान। इसी तरह, दंगों में घायलों की मरहम-पट्टी के लिए निर्मला कपूर द्वारा इस्तेमाल उनकी सगाई का विशेष कपड़ा, फिरोज शाह कोटला शिविर में मिला तीरथ राम दत्ता का राशन कार्ड और अमृतसर में शरणार्थियों के मसीहा बिजली पहलवान द्वारा ज्योति पुंज को दिया गया कंबल हर चीज बंटवारे के जख्मों को ताजा कर देती है। इसी तरह, उस ट्रेन की प्रतिकृति, जिसमें बिखरे खून और सामान। फिल्म, संगीत, साहित्य से जुड़ते बंटवारे के दर्द। दुर्लभ तस्वीरों, अखबारों की कतरनों, थ्रीडी फिल्मों और मौखिक कहानियों के माध्यम से यह संग्रहालय याद दिलाता है कि सीमाएं चाहें जितनी खींच दी जाएं, इंसानी रिश्तों और स्मृतियों को कभी विभाजित नहीं किया जा सकता। किश्वर देसाई इन दोनों बंटवारे को राष्ट्रीय संग्रहालय का दर्जा देने का आग्रह करते हुए कहती है कि यह उनका निजी प्रयास है, लोगों की सहायता से उसका संचालन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के मयूर विहार में डीटीसी बस ने स्कूली छात्रा को कुचला, गुस्साई भीड़ ने की तोड़फोड़; ड्राइवर फरार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार फेज तीन इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में डीटीसी बस की चपेट में आने से एक स्कूली छात्रा की मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। उधर, हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। गुस्साए लोगों ने डीटीसी बस में तोड़फोड़ कर दी। इससे मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने लोगों को शांत कराया और फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक छात्रा का नाम कायना है। वह खिच?ीपुर में रहती थी। सुबह सा? आठ बजे पिता के साथ वह स्कूटी से वसुंधरा एन्क्लेव ईस्ट प्वाइंट स्कूल जा रही थी। दल्लूपुरा में डीटीसी की बस ने पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही स्कूटी स?क पर गिर गई। इसी बीच बस ने बच्ची को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कनॉट प्लेस के एस्केलेटर को मिलेगी सुरक्षा, एनडीएमसी खर्च करेगी 3.81 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनॉट प्लेस के विभिन्न सबवे में खुले आसमान के नीचे चल रहे एस्केलेटर अब वर्षा और अन्य नुकसान से सुरक्षित होंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने 20 एस्केलेटर के ऊपर और किनारों पर स्टेनलेस स्टील से कवर लगाने की योजना तैयार की है। इसके लिए करीब 3.81 करोड़ रुपये की लागत का टेंडर प्रक्रिया में है। एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान कनाट प्लेस के पुनर्विकास परियोजना के तहत ईआईएल ने विभिन्न सबवे में 22 एस्केलेटर लगाए थे। इनमें सुपर बाजार सबवे, स्टेट्समैन सबवे, बाराखंभा रोड सबवे और केजी मार्ग सबवे में दो-दो जोड़े तथा जनपथ सबवे में तीन जोड़ी एस्केलेटर शामिल हैं। उस दौरान केवल जनपथ सबवे के एस्केलेटर को ढका गया था। बाकी सारे अभी भी खुले आसमान के नीचे हैं। ऐसे में वर्षा होने की स्थिति में लोग इनका उपयोग करने से भी कतराते हैं, साथ ही दुर्घटना की भी संभावना होती है।
इसके साथ ही खुले आसमान के नीचे होने की वजह से असामाजिक तत्व इनके महंगे पुर्जों को भी चुरा लेते हैं। पिछले वर्षों में इन एस्केलेटर पर चोरी की घटनाएं हुई हैं, जिसकी वजह से कई-कई माह तक ये खराब भी पड़े रहे थे। इसे देखते हुए इन एस्केलेटर के ऊपर शेड लगाए जाएंगे, साथ ही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए स्टील के कवर भी होंगे, ताकि इनमें चोरी की घटनाएं न हों।

# शरीर पर टैटू बनवाना खतरनाक, एक्सपर्ट्स की सलाह नहीं मानी तो हो सकते हैं एचआईवी के शिकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शरीर पर टैटू बनवाने का बढ़ता शौक अब एचआईवी समेत रक्त से फैलने वाले संक्रमणों के खतरे को लेकर चिंता बढ़ा रहा है। टैटू बनाते समय सुई त्वचा में बार-बार प्रवेश करती है। संक्रमित व्यक्ति पर इस्तेमाल हुई सुई या उपकरण दूसरे व्यक्ति पर इस्तेमाल होने से एचआईवी और हेपेटाइटिस बी-सी का खतरा हो सकता है।

डर्मेटोलाजिस्ट और डाक्टरों की राष्ट्रीय संस्था फायमा के संयोजक डॉ. मनीष जांगरा का कहना है कि टैटू के बढ़ते चलन ने संक्रमण का खतरा बढ़ाया है।

मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. बिभु आनंद ने भी इसे स्वास्थ्य के लिहाज से खतरनाक बताते हुए सावधानी की जरूरत बताई है। दोनों विशेषज्ञों ने टैटू केंद्रों के लिए स्पष्ट स्वास्थ्य मानक और निगरानी व्यवस्था की आवश्यकता भी जताई। दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अनुसार, 2025-26 में दिल्ली में 14 लाख 29 हजार एचआईवी जांच हुईं। इनमें 5,570 नए संक्रमित मिले, जबकि 44,546 संक्रमितों का उपचार चल रहा है। एक सुई का दोबारा इस्तेमाल खतरनाक टैटू मशीन में एक या कई सुइयों वाली कार्ट्रिज लगती है, जो त्वचा की दूसरी परत डर्मिस तक पहुंचती है। दूषित सुई या उपकरण दोबारा इस्तेमाल होने पर संक्रमण फैल सकता है। इसलिए हर ग्राहक के लिए नई सुई और कार्ट्रिज जरूरी है। दोबारा इस्तेमाल होने वाले उपकरणों का आटोक्लेव से डिसइन्फेक्शन (कीटाणुरहित करना) होना चाहिए और इस्तेमाल की गई सुइयों का सुरक्षित निस्तारण जरूरी है।

व्यावसायिक स्रोतों के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक दिल्ली में करीब 1,722 टैटू आर्टिस्ट और 467 टैटू शॉप थीं। इनमें बड़े स्टूडियो से छोटी दुकानें तक शामिल हैं। सड़क किनारे और पालिका बाजार जैसे स्थानों पर काम करने वाले अनौपचारिक आर्टिस्ट की संख्या 1,200 से अधिक बताई जाती है। हालांकि, इन आंकड़ों का कोई आधिकारिक सरकारी रिकॉर्ड नहीं है। मई 2026 में दिल्ली हाई कोर्ट में दायर याचिका में भी टैटू उद्योग के नियमन और अनिवार्य लाइसेंस की मांग की गई है। कर्नाटक में टैटू स्याही के नमूनों की जांच में 22 तरह की भारी धातुएं मिली थीं। राज्य ने स्याही के लिए राष्ट्रीय मानक और टैटू कारोबार के नियमन की जरूरत उठाई थी। कुछ शोधों में टैटू और लिम्फोमा के



बीच संबंध की जांच हुई है, लेकिन टैटू को सीधे कैंसर का कारण साबित नहीं किया गया है। डॉ. मनीष जांगरा के अनुसार, टैटू केंद्रों का अनिवार्य पंजीकरण और नियमित स्वास्थ्य निरीक्षण हो। हर ग्राहक के लिए नई सुई, नया इंक कप और दस्ताने हों। स्याही पर सामग्री और निर्माता की जानकारी हो और बिना लेबल की स्याही पर रोक लगे। ग्राहक को संक्रमण, एलर्जी, दाग और कीलॉयड जैसे संभावित जोखिमों की जानकारी पहले दी जाए। केरल की लाइसेंस व्यवस्था की तरह देशभर में एक समान स्वास्थ्य-सुरक्षा मानक बनाने की जरूरत है।

### एच1एन1 बढ़ा खतरा, फिर भी हर बुखार मरीज की नहीं हो रही जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के मामले बढ़ने के बीच सरकारी अस्पतालों में हर बुखार मरीज की जांच नहीं की जा रही है। दिल्ली स्वास्थ्य महानिदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार बुखार और फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों को उनकी स्थिति के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा जाता है। इनमें गंभीर लक्षण वाले मरीजों की ही एच1एन1 जांच कराई जा रही है। अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश हैं कि अनावश्यक जांच से बचने के लिए लक्षण और बीमारी की गंभीरता के आधार पर सैंपल लिए जाएं । लोकनायक अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. बीएल चौधरी ने कहा कि हर मरीज की एच1एन1 जांच नहीं की जा रही है। जिन मरीजों में लक्षण और स्थिति को देखकर इन्फ्लूएंजा वायरस की संभावना लगती है।

# आईआरजीसी जनरल का दावा: ईरान जनवरी 2029 तक खींच सकता है जंग को

## पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और यूएस का रूख क्या

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच फरवरी के अंत में शुरू हुई जंग के छह महीने हो चुके हैं। एक अंतरिम समझौते और कई दौर की बातचीत के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है। दोनों देशों के बीच जंग कब खत्म होगी, को लेकर जारी कयासों के बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के शीर्ष जनरल मोहम्मद रजा नकदी ने कहा कि तेहरान युद्ध को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल खत्म होने तक यानी 20 जनवरी, 2029 तक खींच सकता है। नकदी के इस बयान को ट्रंप की कीमत चुकानी होगी धमकी का जवाब माना जा रहा है। नकदी ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमें ऐसी स्थिति बनानी होगी जिससे दुश्मन हम पर हमला करने की हिम्मत न करे और हम सुरक्षित रह सकें। एक तरीका यह है कि इस युद्ध को तब तक खींचा जाए जब तक कि राष्ट्रपति का अगला कार्यकाल शुरू न हो जाए और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया जाए। इसी बीच गाजा में संघर्ष समाप्त करने की योजनाओं पर भी काम जारी है। योजनाओं आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और वार्ताकार जेरेड कुश्नर अगले हफ्ते पश्चिम एशिया जाएंगे। ट्रंप प्रशासन द्वारा हाल ही में घोषित एक समझौता इस्राइली विरोध के



कारण अटक गया है। बोर्ड ऑफ पीस के एक अधिकारी ने बताया कि कुश्नर, बोर्ड उच्च प्रतिनिधि निकोले म्लाडेनोव और कार्यकारी बोर्ड सदस्य टोनी ब्लेयर रविवार को इस्राइल पहुंचेंगे। यह समूह फिर काहिरा जाएगा, जहां गाजा का नियंत्रण संभालने वाले फलस्तीनी समूह की बैठकें चल रही हैं। अधिकारी ने कहा कि इन बैठकों से ट्रंप और बोर्ड ऑफ पीस का गाजा में शांति लाने का संकल्प दिखेगा। इस्राइल ने ट्रंप द्वारा घोषित हालिया समझौते को खारिज कर दिया है। इस समझौते में हमास को निरस्त्र करना और इस्राइल को फलस्तीनी क्षेत्र से सेना हटाना शामिल था। हालांकि हमास ने हथियार छोड़ने की योजना स्वीकार की, पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल तब तक पीछे नहीं हटेगा जब तक हमास पूरी तरह निरस्त्र न हो जाए। एक संभावित सफलता माना गया था। यह अक्तूबर के एक युद्धविराम पर आधारित था, जिससे बंधकों की रिहाई हुई थी। पांच माह से अधिक समय से जारी जंग में कितना नुकसान हुआ है, इस विषय पर कई रिपोर्ट्स में अलग-अलग दावे सामने आ चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध में कम से कम 45 रूक्त्र9 रीपर निगरानी और स्ट्राइक ड्रोन खो दिए।

# एआई से पूछकर परिवार की हत्या: अमेरिका में भारतवंशी ने की मां और भाई की हत्या; सर्च हिस्ट्री में क्या मिला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स में 17 वर्षीय भारतवंशी किशोर अर्जुन अरविंद पर अपनी मां सुधा वेंकटेशन और छोटे भाई सिद्धार्थ अरविंद की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। पुलिस ने उसे बुधवार सुबह वेलैंड के एक पार्किंग स्थल से गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उसकी इंटरनेट और चैटजीपीटी सर्च हिस्ट्री सामने आई, जिसमें परिवार को नुकसान पहुंचाने और हत्या जैसे विषयों से जुड़ी जानकारी तलाशने के सुराग मिले। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में यह पुष्टि नहीं है कि चैटजीपीटी ने उसे हत्या करने का तरीका बताया या पूरी योजना बनाने में मदद की।

घटना का खुलासा मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ। एक शिक्षिका पढ़ाने के लिए घर पहुंची थीं, लेकिन काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने अर्जुन के पिता को फोन किया। पिता भी पत्नी और बेटे से संपर्क नहीं कर सके। उन्होंने पुलिस से घर जाकर स्थिति देखने को कहा। पुलिस जब घर पहुंची तो घर के बेसमेंट में 45 वर्षीय सुधा वेंकटेशन का शव मिला, जबकि 14 वर्षीय सिद्धार्थ अरविंद का शव पहली मंजिल पर मिला। इसके बाद पुलिस ने अर्जुन की तलाश शुरू की और उसे वेलैंड के पार्किंग स्थल से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि अर्जुन कुछ समय से चैटजीपीटी पर परिवार को




नुकसान पहुंचाने और हत्या जैसे विषयों से जुड़ी जानकारी तलाश रहा था। उसने एआई से डरावनी और रहस्यमयी कहानियां बनाने में भी मदद मांगी थी। इन कहानियों में ऐसे पात्र थे, जो अपने ही परिवार के सदस्यों की हत्या करते हैं। यही सर्च हिस्ट्री जांच में अहम सुराग बनी है। हालांकि, जांच एजेंसियों ने यह नहीं बताया कि इन बातचीत के दौरान चैटजीपीटी ने उसे किसी वास्तविक व्यक्ति की हत्या का तरीका, हथियार या योजना उपलब्ध कराई थी। अर्जुन के खिलाफ हत्या के दो मामलों के अलावा परिवार पर हमला करने और मारपीट के आरोप भी लगाए गए हैं। उस पर अपनी मां की कार बिना अनुमति लेकर फरार होने का आरोप भी है। पुलिस की जांच फिलहाल मामले के अलग-अलग पहलुओं को जोड़ने में जुटी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उसकी ऑनलाइन गतिविधियों को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। इस मामले में यह तथ्य खास तौर पर महत्वपूर्ण है कि एआई पर हत्या से संबंधित जानकारी तलाशने का रिकॉर्ड मिला है, लेकिन इससे अपने आप यह साबित नहीं होता कि एआई ने हत्या के लिए निर्देश दिए थे।

# कैरोलिन लेविट के बाद ट्रंप किसे सौंपेंगे व्हाइट हाउस प्रेस सचिव का पद, दावेदारों की रेस में कौन आगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन में जल्द ही एक बड़ा चेहरा बदलने वाला है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट अगस्त के अंत में अपने पद से हट जाएंगी। केवल 28 साल की उम्र में इस पद पर पहुंचीं लेविट ने ट्रंप के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में जगह बनाई और सरकार की नीतियों का खुलकर बचाव किया। उनके जाने के साथ ही अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से मीडिया के सामने अगली आवाज कौन बनेगा। इस पद के लिए कई नामों की चर्चा शुरू हो चुकी है, लेकिन ट्रंप ने अभी किसी नाम पर अंतिम फैसला नहीं किया है। लेविट ऐसे समय पद छोड़ रही हैं, जब ट्रंप प्रशासन के सामने कई राजनीतिक चुनौतियां हैं। ईरान के साथ लंबे समय से चल रहे युद्ध को लेकर राष्ट्रपति पर दबाव है और नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव भी प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा माने जा रहे हैं। ऐसे समय में प्रेस सचिव केवल मीडिया से बातचीत करने वाला अधिकारी नहीं होता, बल्कि सरकार की नीतियों और राष्ट्रपति के संदेश को जनता तक पहुंचाने का प्रमुख चेहरा होता है। इसलिए लेविट के उत्तराधिकारी का चुनाव ट्रंप प्रशासन के लिए सामान्य नियुक्ति से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अलीना हब्बा उन नामों में शामिल हैं, जिन पर सबसे ज्यादा नजर है। वह न्यू जर्सी की पूर्व कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी रह चुकी हैं और ट्रंप के कानूनी मामलों के दौरान उनकी वकील के रूप में काफी चर्चा में आई थीं। टेलीविजन पर वह कई बार ट्रंप का बचाव करती दिखाई दीं। ट्रंप की ओर से बोलने का उनका अनुभव और सार्वजनिक मंच पर अपनी बात मजबूती से रखने की क्षमता उन्हें प्रेस सचिव के पद के लिए स्वाभाविक दावेदार बनाती है। वह व्हाइट हाउस में ट्रंप की सलाहकार के रूप में भी काम कर चुकी हैं। अगर उन्हें चुना जाता है तो वह ट्रंप के पहले कार्यकाल में प्रेस सचिव रहीं केली मैकएनैनी की तरह वकील से प्रेस सचिव बनने वाली दूसरी प्रमुख शख्सियत होंगी। मैथ्यू बॉयल भी संभावित उत्तराधिकारियों की सूची में हैं। वह ब्राइटबार्ट के वॉशिंगटन ब्यूरो प्रमुख हैं और लंबे समय से ट्रंप तथा रूढ़िवादी राजनीतिक आंदोलन को कवर करते रहे हैं। ट्रंप और बॉयल के बीच पहले से परिचय है और ट्रंप उन्हें कई इंटरव्यू भी दे चुके हैं। इनमें हाल में ओवल ऑफिस में हुआ इंटरव्यू



भी शामिल है। बॉयल के पास खोजी पत्रकारिता और ट्रंप के राजनीतिक आधार की गहरी समझ है। अगर व्हाइट हाउस किसी ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहता है, जिसे मीडिया की भाषा और ट्रंप समर्थक आधार दोनों की अच्छी समझ हो, तो बॉयल का नाम महत्वपूर्ण हो सकता है। ट्रंप समर्थक टिप्पणीकार स्कॉट जेनिंग्स भी इस दौड़ में एक महत्वपूर्ण नाम बनकर उभरे हैं। वह सीएनएन पर नियमित रूप से ट्रंप और उनकी नीतियों का बचाव करते हैं। जेनिंग्स के पास व्हाइट हाउस का अनुभव भी है। उन्होंने जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन में राष्ट्रपति के विशेष सहायक और राजनीतिक मामलों के उप निदेशक के तौर पर काम किया था। इसके बाद वह सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैककॉनेल के सलाहकार रहे और उनके कई चुनाव अभियानों से जुड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह लेविट की जगह लेने में रुचि रखते हैं, तो उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने इसके बजाय लेविट के काम की जमकर तारीफ की। प्रेस सचिव की तलाश केवल टीवी पर नजर आने वाले चेहरों तक सीमित नहीं है। व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन च्यूंग का नाम भी चर्चा में है। वह पहले से पत्रकारों से बातचीत करते हैं और प्रशासन की खबरों तथा संदेशों को आकार देने में भूमिका निभाते हैं। हालांकि वह आम तौर पर टेलीविजन कैमरों के सामने लेविट की तरह नियमित रूप से नहीं आते। उनके पास प्रशासन की अंदरूनी कार्यप्रणाली और ट्रंप की संचार रणनीति की अच्छी समझ है। इसलिए उन्हें भी संभावित विकल्प माना जा रहा है। टेलर बुडोविच भी इस पद के लिए चर्चा में हैं। वह पहले ट्रंप के उप चीफ ऑफ स्टाफ और संचार तथा कार्मिक मामलों के प्रभारी रह चुके हैं। उन्होंने प्रशासन की शुरुआती संदेश रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। व्हाइट हाउस के प्रेस पूल में भी उनके कार्यकाल के दौरान बदलाव किए गए थे, जिससे छोटे मीडिया संस्थानों और नए डिजिटल माध्यमों को ज्यादा पहुंच मिली। दूसरी ओर अन्ना केली भी संभावित नामों में हैं। वह वर्तमान में प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सचिव हैं और इससे पहले रिपब्लिकन नेशनल कमेटी की राष्ट्रीय प्रेस सचिव रह चुकी हैं। कैटी मिलर भी संभावित दावेदारों में शामिल हैं। वह पहले एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग में काम कर चुकी हैं। वह व्हाइट हाउस के नीति मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर की पत्नी हैं। कैटी मिलर अपना पॉडकास्ट भी चलाती हैं, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। उनके पति से जब उनकी संभावित दावेदारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मुस्कुराकर सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया। हालांकि उनकी मीडिया पहुंच और प्रशासन से जुड़ाव के कारण उनका नाम भी इस दौड़ में चर्चा में बना हुआ है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्यपालक अभियंता के तीन ठिकानों पर छापेमारी

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पथ निर्माण विभाग, खगड़िया में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता संजय कुमार के तीन ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह एक साथ छापेमारी की सूचना है। निगरानी और आर्थिक अपराध इकाई की अलग-अलग टीमें बिहारशरीफ के मोगलकुआं स्थित बौली मोहल्ले में उनके पैतृक घर, खगडिया स्थित वर्तमान पदस्थापन स्थल से जुड़े ठिकाने और पटना स्थित आवास पर कार्रवाई कर रही हैं।सुबह-सुबह अधिकारियों की टीम के मोगलकुआं स्थित पैतृक घर पहुंचते ही इलाके में हलचल मच गई। टीम ने घर को अपने नियंत्रण में लेकर तलाशी शुरू कर दी। घर में मौजूद जरूरी कागजात, जमीन-जायदाद से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय लेन-देन से संबंधित कागजात और अन्य सामानों की जांच की जा रही है। अधिकारी कई घंटे से घर के विभिन्न हिस्सों की तलाशी लेने के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगालने में जुटे हैं।बताया जा रहा है कि संजय कुमार वर्तमान में खगडिया में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के पद पर पदस्थापित हैं। जांच एजेंसियों की कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप से जुड़े मामले में की जा रही है। तीनों ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई कर उनकी घोषित आय, संपत्ति, जमीन-जायदाद और वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है।बिहारशरीफ स्थित पैतृक घर पर छापेमारी के दौरान बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। जांच पूरी होने तक किसी को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। टीम घर के विभिन्न कमरों और हिस्सों की तलाशी लेने के साथ संदिग्ध या महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है।फिलहाल तीनों ठिकानों पर चल रही कार्रवाई के दौरान कितनी नकदी, संपत्ति से जुड़े दस्तावेज या अन्य सामान बरामद हुए हैं, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारियों की जांच पूरी होने के बाद ही बरामदगी और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है। तीनों ठिकानों पर छापेमारी और जांच की कार्रवाई जारी है।

# हृदय गति रुकने से सीआइएसएफ के एएसआई संजय प्रसाद का निधन, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** राजगीर के बड़ी मिल्की निवासी और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) पद पर कार्यरत संजय प्रसाद (51) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे सीआईएसएफ के सेवानिवृत्त एएसआई रामवृक्ष प्रसाद के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, संजय प्रसाद डीवीसी कोडरमा में पदस्थापित थे। ड्यूटी के दौरान पीटी करते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए विभाग ने उन्हें पटना स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया। वहां हृदय के ऑपरेशन



के बाद चले पांच दिनों के इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी मिल्की मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। कोडरमा से आए सीआईएसएफ के अधिकारियों ने उनके पैतृक आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। राजगीर श्मशान घाट पर सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' की सलामी के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान पूर्व नगर पार्षद इंद्रमोहन सिंह निराला, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्याम किशोर भारती, मृतक के छोटे भाई व सीआईएसएफ एएसआई अजय प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, शिवरतन कुमार, सिंधु कुमार, जितेंद्र कुमार, शिशुपाल प्रसाद, आशीष निराला, शानू कुमार, प्रियांशु निराला, मोहित कुमार, अमन कुमार सहित अनेक स्थानीय लोग उपस्थित रहे।







**पूर्व रेलवे**

**संख्या कोटेशन-396ए-एएसएन-26-27, दिनांक:** 13.08.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या: कोटेशन-396ए-एएसएन-26-27, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में दुर्गापुर यार्ड रिमॉडलिंग के संबंध में वर्तमान आर्च आरओबी संख्या 396ए (गेम्मॉन ब्रिज, दुर्गापुर के पास) को तोड़कर गिराने/ध्वस्त करने के लिए कोटेशन का आमंत्रण। **निविदा मूल्य :** रु. 2,36,00,000/-, **बयाना राशि :** रु. 4,72,000/-, **कार्य के लिए समापन अवधि:** 03 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 03.09.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-215/2026-27


निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# साइबर ठगी के 15 हजार रुपये को लेकर विवाद में महिला की मौत

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के सिपाह गांव में साइबर ठगी के 15 हजार रुपये को लेकर पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बाद 21 वर्षीय विवाहिता अंजू कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, ग्रामीणों के बीच महिला के साथ मारपीट के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की भी चर्चा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका के भाई अस्थावां थाना क्षेत्र के उगवा गांव निवासी रोशन कुमार ने बताया कि अंजू की शादी वर्ष 2023 में मुकेश कुमार से हुई थी। दोनों का 11 माह का एक बच्चा है। कुछ दिन पहले अंजू साइबर ठगी की शिकार हो गई थी और उसके 15 हजार रुपये ठग लिए गए थे। इसी रकम को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि विवाद के बाद बहनोई उसकी बहन के साथ मारपीट और प्रताड़ना करता था।रोशन ने बताया कि गुरुवार को उसके भांजे की तबीयत खराब थी। वह उसे देखने के लिए बहन के ससुराल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे अंजू की मौत की सूचना मिली। परिजनों के साथ ससुराल पहुंचने पर अंजू का शव घर के बाहर रखा मिला।

























**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी सूचना

**सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच, दिनांक :13.08.2026,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न परिसंपत्तियों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। नीलामी कैटलॉग का विवरण निम्नानुसार है:

**(क) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-08-05**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-87-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण:** सियालदह नॉर्थ एंट्री गेट के पास 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे संदेशों के साथ वाणिज्यिक विज्ञापनों की प्रदर्शनी के लिए 01 वीडियो वॉल की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव, **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **नीलामी शुरू :** दिनांक 17.08.2026 को 11.00 बजे।

**(ख ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-08-06**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072204-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर), **विवरण:** सियालदह मंडल के तहत चलने वाली प्रत्येक 12 कोचों के थ्री फेज ईएमयू रेक के 05 रेकों के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर एवं बाहरी सतह में संपूर्ण बॉडी पर विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का उपयोग करते हुए विज्ञापन प्रदर्शित करना, **अनुबंध की अवधि :** 03 वर्ष। **नीलामी शुरू :** दिनांक 18.08.2026 को 12.00 बजे।

**(ग) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-08-07**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-243463-2-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर), **विवरण:** 13173-74/13175-76 (सियालदह-सबरूम/सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस) की 01 रेक (04 रेकों में से) के कोचों के बाहरी हिस्से (पूरी बॉडी) और अंदर निर्दिष्ट जगहों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के ज़रिए विज्ञापन का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष। **नीलामी शुरू :** दिनांक 19.08.2026 को 11.00 बजे।

**(घ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-08-08**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-131144-4-26-2 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर और एक्सटीरियर), **विवरण:** 13117/18 (कोलकाता-लालगोला धन धान्य एक्सप्रेस) की 01 रेक के कोचों के बाहरी हिस्से (पूरी बॉडी) और अंदर निर्दिष्ट जगहों पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के ज़रिए विज्ञापन का प्रदर्शन, **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच एसडीएएच -ओएसएन-78-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** प्रफुल्या द्वार, सियालदह रेलवे स्टेशन के पिलरों और कैंटिलिवर बीमों पर निर्दिष्ट स्थानों पर स्टैटिक बैकलिट विज्ञापन बोर्ड के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापनों का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष (प्रत्येक हेतु)। **नीलामी शुरू :** दिनांक 21.08.2026 को 12.00 बजे।

**(ङ ) ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एडीवीटी-एसडीएएच-08-09**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसएन-71-26-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन डिजिटल)], **विवरण:** सियालदह स्टेशन ज़ोन-ए (नॉर्थ और मेन कॉनकोर्स) के स्टेशन परिसर के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक स्टैटिक विज्ञापनों का प्रदर्शन, **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। **नीलामी शुरू:** दिनांक 24.08.2026 को 12.00 बजे।

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे विस्तृत नियम और शर्तों के लिए **www.ireps.gov.in** का ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

SDAH-178/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter







